# श्रमसाधना

दैनिक सांध्यकालीन

श्रम की शक्ति, राष्ट्र की प्रगति

www.shramsadhnanews.com

RNI रजि. क्र. 50069/89

वर्ष : 38, अंक : 17 ग्वालियर, मंगलवार 18 अगस्त 2026

विक्रम संवत् 2083 पृष्ठ 12, मूल्य 1 रुपया

डाक पंजीयन

L-2-13/समा.पत्र/पं. 40020181/22-23


# मुख्यमंत्री ने गुरु रविदास समरसता संकल्प अभियान का किया शुभारंभ

**भोपाल जीएनएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा के शुभारंभ समारोह में सहभागिता की। उन्होंने रवीन्द्र भवन में संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान कलश पूजन किया और कलश को शिरोधार्य कर कलश वंदन यात्रा के शुभारंभ में सहभागिता की। इस अवसर पर संत रविदास के सामाजिक समरसता, समानता और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत रविदास जी महाराज ने समाज को समानता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और मजबूत समाज के निर्माण के लिए प्रेरणादायी हैं।







## संत रविदास जी के सामाजिक समरसता एवं समानता के संदेश को प्रत्येक पीढ़ी तक पहुंचाना हमारा ध्येय : गौर

**भोपाल जीएनएस।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जन्म जयंती वर्ष के पावन अवसर पर भोपाल स्थित श्री संत रविदास मंदिर, डी-सेक्टर बरखेड़ा भेल से दिव्य कलश वंदन यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संत रविदास का भक्तिभाव से स्मरण करते हुए यात्रा में अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

**अंतिम व्यक्ति के उत्थान से साकार हो रहा संत रविदास जी का संकल्प :** राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास का संदेश समाज में व्याप्त विषमता को समाप्त कर समरसता और भ्रातृभाव स्थापित करने का है। संपूर्ण समाज उनकी जयंती को अगाध श्रद्धा एवं समर्पण भाव से मना रहा है। आज की महती आवश्यकता यह है कि उनके कालजयी एवं उदात्त विचारों को भावी पीढ़ियों के अंतर्मन तक संप्रेषित किया जाए। राज्यमंत्री गौर ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मूलमंत्र ÷सबका साथ, सबका विकास÷ संत रविदास के विचारों की ही प्रतिध्वनि है। समाज के अंतिम पायदान पर स्थित व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा में लाकर उसे प्रथम पंक्ति में प्रतिष्ठापित करना ही संत रविदास के संकल्पों की वास्तविक सिद्धि है। उनके चरणकमलों में शीश नवाकर उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करना हम सभी के लिए परम गौरव का विषय है।

**सागर में 102 करोड़ की लागत से आकार ले रहा भव्य संत रविदास मंदिर :** राज्य सरकार द्वारा संत रविदास जी के विचारों के व्यापक प्रसार और उनके सम्मान में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए श्रीमती गौर ने कहा कि सागर में 102 करोड़ रुपये की लागत से संत रविदास के अलौकिक मंदिर एवं स्मारक का निर्माण कराया जा रहा है। इसके साथ ही प्रदेशभर में स्थित धार्मिक स्थलों तथा देवालयों के पुनरुद्धार एवं जीर्णोद्धार का कार्य भी निरंतर जारी है।

### सिंधी कॉलोनी के शासकीय हाई सेकंडरी पागनवीसी विद्यालय में हुआ आयोजन

# विद्यार्थियों को सामग्री वितरित की

**ग्वालियर जीएनएस**

ग्वालियर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सिंधी कॉलोनी स्थित शासकीय हाई सेकंडरी पागनवीसी विद्यालय में विद्यार्थियों को स्कूल यूनिफॉर्म, बैग, नोटबुक, जूते, मोजे, पेन सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। सामग्री मिलने पर विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी।

आयोजकों ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को स्कूल सामग्री उपलब्ध होने से उन्हें पढ़ाई में सुविधा मिलेगी और शिक्षा के प्रति उनका उत्साह भी बढ़ेगा।



इस पहल के लिए मंत्री नारायण सिंह कुशवाह के मार्गदर्शन एवं जनसेवा के संकल्प के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आयोजकों ने कहा कि शिक्षा का प्रकाश हर बच्चे तक पहुंचाना उनका संकल्प है और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अमर कुटे, दिनेश जैन, कार्यक्रम आयोजक एवं भाजपा मंडल महामंत्री गोपाल जाटव, कार्यक्रम संचालक योगेश गुप्ता, मनोज भार्गव, मदनमोहन मिश्रा, शेखर बनखल, सुनील भदौरिया, शकुंतला तोमर, ज्योति इंगले, विद्यालय के प्राचार्य संजय निगम, राकेश कुशवाहा, ज्ञानेंद्र भार्गव, त्रिलोक राठौर, रामहेत इमले, फूलसिंह, महेश कुशवाहा, लव राठौर, विनोद कुशवाह सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## स्वच्छ विद्यालय प्रतिस्पर्धा के तहत स्कूलों में जागरूकता सत्र आयोजित



**ग्वालियर जीएनएस**

नगर निगम ग्वालियर द्वारा विद्यार्थियों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से 'स्वच्छ विद्यालय प्रतिस्पर्धा 2026-27' आयोजित की जा रही है। इसके तहत शहर के विभिन्न स्कूलों में जागरूकता और संवाद सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नेशनल चिल्ड्रन्स स्कूल एवं मॉर्निंग स्टार स्कूल, मऊ रोड बड़ागांव मुरार में जागरूकता सत्र आयोजित हुआ। नगर निगम के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर प्रमोद धनेले ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा की जानकारी देने के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बच्चों से संवाद करते हुए पौधरोपण को उनकी यादों से जोड़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल छोड़ते समय प्रत्येक विद्यार्थी अपने नाम का एक पौधा लगाए। वर्षों बाद जब वह स्कूल लौटे तो उसके नाम का पेड़ उसकी यादों को ताजा करे। कार्यक्रम में दीक्षा फाउंडेशन के सदस्यों ने विद्यार्थियों को स्वच्छ विद्यालय प्रतिस्पर्धा के नियमों की जानकारी दी।

### निगमायुक्त ने लेखा, सामान्य प्रशासन और संपत्तिकर विभाग का किया निरीक्षण, समय पर कार्यालय आने और नाम पट्टिका लगाने के दिए निर्देश

# निगम मुख्यालय के निरीक्षण में कई कर्मचारी मिले अनुपस्थित

**ग्वालियर जीएनएस**

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने सोमवार सुबह 11 बजे नगर निगम मुख्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न शाखाओं में कई कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को अनुपस्थित कर्मचारियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों एवं अधिकारियों के कक्षों में नाम पट्टिका भी नहीं लगी पाई। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कक्षों के बाहर अनिवार्य रूप से नाम पट्टिका लगाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने की हिदायत दी।

निगमायुक्त ने लेखा शाखा, सामान्य प्रशासन विभाग एवं संपत्तिकर विभाग का निरीक्षण किया। लेखा शाखा में सहायक लेखा अधिकारी पूजा मेहकाली, सहायक लेखापाल दीपक जैन, विनियमित कर्मचारी वैदहीशरण श्रीवास्तव, मुकेश नागर, बीनू शर्मा एवं आउटसोर्स कर्मचारी अनुपम शर्मा अनुपस्थित पाए गए।

इसी प्रकार सामान्य प्रशासन विभाग में संतोष शर्मा, लिपिक राजश्री शर्मा एवं आउटसोर्स कर्मचारी हिमांशी शर्मा भी अनुपस्थित मिलीं। निगमायुक्त ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों के संबंध में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



# ‘आजादी केवल इतिहास नहीं, वह हर भारतीय के दिल में गर्व और जिम्मेदारी की भावना’

**शिवपुरी, जीएनएस।** ‘ना पूछो जमाने से, क्या तुम्हारी कहानी है।

हमारी पहचान तो बस इतनी है कि हम हिंदुस्तानी हैं।’

इन्डियन वेटरन्स ऑर्गेनाइजेशन शिवपुरी इकाई द्वारा 80 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शहीद तात्या टोपे समाधि स्थल तथा फिजिकल चौराहे पर ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला न्यायालय अधीक्षक तथा वरिष्ठ समाजसेवी पंडित श्री राजेंद्र कुमार जोशी तथा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कोऑर्डिनेटर कैप्टन चन्द्र प्रकाश शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी पूर्व सैनिकों तथा गणमान्य अतिथियों द्वारा शहीदों को दीपदान और पुष्पांजलि द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। मुख्य अतिथि श्री राजेंद्र कुमार जोशी ने कहा कि कितने ही बलिदानों से आजादी हमने पाई है, कितने ही लोगों ने मजबूत नींव बनाई है, आज समय है एकता और अखंडता के साथ हम मजबूत राष्ट्र बनाएं और तिरंगे की आन बान शान बढ़ाएं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कैप्टन चन्द्र प्रकाश शर्मा ने कहा कि ÷विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा÷ यह मात्र नारा न रहे, हर जगह, हर क्षेत्र में हमारा देश गौरवशाली इतिहास की रचना करें, आओ हम संकल्प लेते हैं कि ÷हम भारतवासी अपने अहंकार से दूर रहकर, सदा तिरंगे की आन बान शान बढ़ाएंगे, देश को महान बनाएंगे। भले ही इस कार्य को करते हुए हमें प्राण न्योछावर क्यों न करना पड़े÷ सलाम करो इस तिरंगे को, जो हमारी शान है। मान हमेशा ऊंचा रखना, जब तक तन में प्राण है। आजादी केवल इतिहास नहीं, यह हर भारतीय के दिल में, गर्व और जिम्मेदारी की भावना है।

कैप्टन चन्द्र किशोर चतुर्वेदी, कैप्टन हिमायतुल्लाह खान, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा और विशाल जोशी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ देश के लिए मर मिटने का समय है। एक रहो, नेक रहो,श्रेष्ठ रहो। जिओ देश के लिए मरो देश के लिए। कार्यक्रम के अंत में जय हिंद टाइल्स की तरफ से चाय, लड्डू, मिठाई, समोसा, कचोरी का नाश्ता कराया गया। और मिठाई बांटी गई। इस अवसर पर कैप्टन चन्द्र प्रकाश शर्मा, युवा अध्यक्ष तरुण शर्मा, कैप्टन चन्द्र किशोर चतुर्वेदी, कैप्टन हिमायतुल्लाह खान, उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष विशाल जोशी, कैलाश सिंह जादौन, धर्मेंद्र पटवारी, तेजभान सिंह परमार, हरगोविंद ओझा, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र कुमार जोशी, रोहित, वीरेंद्र, मानस, प्रिंस, जीतू, राय साहब , अभिषेक, नीटू, अंकल जी, और खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विशाल जोशी ने किया। कैप्टन हिमायतुल्लाह खान ने आभार व्यक्त किया।

## डॉ. कंसाना हुए सम्मानित

**ग्वालियर, जीएनएस।** जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर द्वारा 80 वे स्वतंत्रता दिवस 2026 समारोह के अवसर पर डॉ हरिशंकर सिंह कंसाना ( क ा य र्‍ क्र म समन्वयक,राष्ट्रीय सेवा योजना जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर) को %अधिकारी श्रेणी% में विश्वविद्यालय में समर्पित और निष्ठापूर्ण सेवाओं के लिए माननीय कुलगुरु डॉ राजकुमार आचार्य के हाथों %2026 स्वतंत्रता दिवस सेवा सम्मान% से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजीव मिश्रा,



कुलानुशासक डॉ एस के सिंह, समस्त विभागाध्यक्ष, वरिष्ठ प्राध्यापक सहित समस्त विश्वविद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। डॉ कंसाना ने बताया कि यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रामाणिकता और स्वीकार्यता को सिद्ध करता है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया यह सम्मान वास्तव में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्य के प्रोत्साहन के लिए है।

## अपनी बहुमुखी प्रतिभा और संगठन निष्ठा के सहारे ग्वालियर से मध्य प्रदेश और अब राष्ट्रीय टीम में पाई जिम्मेदारी

**ग्वालियर, जीएनएस।** भारतीय जनता पार्टी ने मध्य प्रदेश के युवा नेता और प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल को पार्टी का राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। 43 वर्ष की उम्र में मिली यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उनके संगठनात्मक अनुभव, मेहनत, सहज-सरल व्यक्तित्व और प्रभावी मीडिया प्रबंधन का परिणाम मानी जा रही है। आशीष अग्रवाल मध्य प्रदेश के पहले ऐसे मीडिया प्रभारी बताए जा रहे हैं, जिन्हें भाजपा की राष्ट्रीय मीडिया टीम में सह मीडिया प्रभारी का दायित्व मिला है। आशीष ऊषा अग्रवाल वर्ष 2017 से भाजपा के मीडिया विभाग में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने प्रदेश प्रवक्ता, प्रदेश पैनलिस्ट और लगातार



दो बार प्रदेश मीडिया प्रभारी के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं। विधानसभा चुनाव 2023 और लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान वे भाजपा की कोर मीडिया टीम का हिस्सा रहे और पार्टी के मीडिया प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


आशीष अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के कार्यकाल में प्रदेश मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के कार्यकाल में भी उन्हें प्रदेश मीडिया प्रभारी का दायित्व मिला। संगठन के वरिष्ठ नेताओं के साथ उनके आत्मीय और बेहतर समन्वय को उनकी कार्यशैली की महत्वपूर्ण विशेषता माना जाता है। मीडिया प्रबंधन के साथ-साथ आशीष अग्रवाल ने एक कुशल वक्ता, प्रभावी संवादकर्ता और सक्रिय संगठनात्मक कार्यकर्ता के रूप में भी अपनी पहचान बनाई है। कार्यकर्ताओं और मीडिया जगत के लोगों के बीच उनकी सहज उपलब्धता, मिलनसार व्यवहार और सहयोगी स्वभाव के कारण उनकी अलग पहचान बनी है।

## भारत विकास परिषद ने धूमधाम से मनाया तीज उत्सव

**ग्वालियर।** भारत विकास परिषद शाखा के संस्कार , सम्पर्क प्रकल्प के साथ महिला सहभागिता गतिविधि के तत्वावधान हरियाली तीज का पावन उत्सव बेहद हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम लोहिया स्थित प्रसिद्ध श्री गोपाल मंदिर में आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।कार्यक्रम का सफल संचालन शाखा की महिला गतिविधि संयोजक श्रीमती शेफाली एवं संस्कार गतिविधि संयोजक श्रीमती सुमन अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उत्सव के दौरान गोपाल मंदिर का प्रांगण में सर्व प्रथम सुंदरकांड का आयोजन किया गया गोपाल मंदिर पूरी तरह से राजस्थानी और पारंपरिक गीतों से गुंजायमान रहा।

## उज्जैन के लिए आज रवाना हुई भव्य बाइक यात्रा

**गुना, जीएनएस।** जिले के जनकल्याण, खुशहाली और समृद्धि की कामना को लेकर नगर के युवाओं द्वारा एक भव्य बाइक यात्रा का आयोजन आज किया गया इस धार्मिक एवं जनकल्याणकारी यात्रा में शहर के लगभग 300 युवा 150 मोटरसाइकिलों पर सवार होकर उज्जैन बाबा महाकाल के दर्शनों के लिए रवाना हुए। यात्रा का शुभारंभ सोमवार प्रातः 10 बजे निचले बाजार स्थित प्रसिद्ध श्री कोटेश्वर मंदिर से हुआ उज्जैन महाकाल मंदिर दर्शन हेतु गुना से रवाना हुए भक्तो के जत्थे को अपेकस बेंक के चेयरमैन ओर भाजपा जनो ने पुषप बरसा कर रवाना किया यात्रा मार्ग में सारंगपुर पहुँचने पर श्रद्धालुओं और स्थानीय जनों द्वारा यात्रियों का भव्य स्वागत व सम्मान किया जाएगा। तत्पश्चात, सभी के लिए भोजन व्यवस्था रखी गई है, जिसके बाद यात्रा आगे उज्जैन के लिए प्रस्थान करेगी। युवाओं के इस उत्साहवर्धन एवं सहयोग के लिए आनंद लोढ़ा, मुकेश शिवहरे, पुष्पेंद्र रघुवंशी और अमित सोनी ने सभी यात्रियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री स्व शिला दीक्षित के सुपुत्र पूर्व सांसद संदीप दीक्षित जी के जन्मदिवस पर उनके निवास स्थान पर विनोद पवार जी (दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष -केकेसी) के साथ युवा नेता राहुल निहोरे ने गुलदस्ता देकर शुभकामनायें दीं।



आदरणीय केंद्रीय प्रभारी मोहित आनंद जी एवं प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय जियालाल अहिरवार जी के प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

## पिकनिक का आयोजन



**गुना, जीएनएस।** JCI Guna Central Ladies Wing द्वारा पहली बार आयोजित विशेष महिला पिकनिक का शिवपुरी में शानदार एवं सफल आयोजन किया गया। पिकनिक में महिलाओं ने पूरे उत्साह, उमंग और जोश के साथ भाग लिया। पिकनिक के दौरान मनोरंजक खेलों, हंसी-मजाक, संगीत और आपसी मेलजोल ने माहौल को बेहद खुशनुमा बना दिया। सभी महिलाओं ने रोजमर्रा की व्यस्तताओं से दूर अपने लिए कुछ खूबसूरत पल बिताए और इस यादगार सफर का भरपूर आनंद लिया। इस सफल आयोजन में अध्यक्ष श्रीमती नमिता अग्रवाल, सचिव श्रीमती संगीता अग्रवाल तथा कन्वीनर्स नेहा अग्रवाल एवं मोनिका अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

## एसपी कार्यालय पहुंचा युवक, बताया 15 मिनट पूर्व खाया है जहरीला पदार्थ, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया

**ग्वालियर, जीएनएस।** दोपहर 01 बजकर 09 मिनट 40 सैकंड पर एक युवक पुलिस अधीक्षक कार्यालय ग्वालियर में आया और वहां उपस्थित पुलिस कर्मचारियों को बताया कि उसने लगभग 15 मिनट पूर्व जहरीला पदार्थ खा लिया है। युवक के मुंह से हरे रंग का पदार्थ निकलता हुआ दिखाई दे रहा था। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर उपस्थित थाना प्रभारी महाराजपुरा निरीक्षक यशवंत गोयल द्वारा तत्काल तत्परता दिखाते हुए युवक को उपचार हेतु जेएएच अस्पताल, ग्वालियर पहुंचाया गया। चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार प्रारंभ किया गया, लेकिन युवक द्वारा जहरीला पदार्थ पूर्व में ही सेवन कर लिए जाने के कारण उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। घटना के संबंध में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। युवक ने जहरीला पदार्थ कहां और किन परिस्थितियों में खाया, इसके संबंध में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## महिला मंडल ने मनाई हरियाली तीज

**ग्वालियर, जीएनएस।** श्री विनय भक्ताम्बर महिला मंडल द्वारा मनीराम का बाड़ा स्थित नवीन जैन मंदिर में हरियाली तीज का भव्य एवं मनोरंजक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संरक्षक मंजू जैन, संस्थापक राजकुमारी जैन, अध्यक्ष संगीता जैन, मंत्री प्रीति जैन एवं कोषाध्यक्ष दीपा जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मंगलाचरण रजनी जैन ने प्रस्तुत किया, जबकि स्वागत गीत रेखा जैन एवं सारिका जैन ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन पूनम जैन ने किया। इस अवसर पर दीपा जैन, दीप्ति जैन, पूनम जैन एवं सारिका जैन द्वारा विभिन्न मनोरंजक हरियाली तीज गेम्स खिलाए गए, जिनका सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया। शिल्पी जैन बनीं ‘हरियाली क्वीन’ हरियाली तीज के विशेष आकर्षण ‘सुहागिन क्वीन’ प्रतियोगिता में शिल्पी जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ‘हरियाली क्वीन’ का खिताब जीता, जबकि प्रीति जैन द्वितीय एवं श्रद्धा जैन तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम की संयोजिकाओं पिंकी जैन, रजनी जैन, सर्वेश जैन, विमलेश जैन, संगीता जैन, मोहिनी जैन, शालू जैन, कुसुम जैन, ममता जैन एवं हेमा जैन का विशेष सहयोग रहा।



**Name change**

ALISHA FATMA W/O ZUBAIER HAIDAR. HAVE CHANGED MY NAME AS ALISHA FATIMA. NOW I WILL KNOWN BY MY NEW NAME AS ALISHA FATIMA.ADD.- FT-401 RADHA RESI-DENCY GALAV NAGAR NEAR RAINBOW SCHOOL GIRD GWALIOR (M.P.) - 474001

### 1500 रुपए के साथ मिल सकती है 250 रुपए अतिरिक्त राशि

# लाड़ली बहना योजना की 39वीं किस्त जल्द आएगी

**भोपाल जीएनएस**

मध्यप्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 39वीं किस्त का इंतजार कर रही महिलाओं के लिए राहत भरी खबर है। योजना के तहत अगस्त माह में पात्र महिलाओं के खातों में किस्त की राशि ट्रांसफर की जा सकती है।

बताया जा रहा है कि इस बार महिलाओं के खातों में 1500 रुपए की नियमित किस्त के साथ अतिरिक्त 250 रुपए की राशि भी शामिल हो सकती है। हालांकि अतिरिक्त राशि को लेकर सरकार की ओर से आधिकारिक घोषणा का इंतजार है।

लाड़ली बहना योजना के तहत प्रदेश की लाखों महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता दी जाती है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाना और परिवार में उनकी भागीदारी बढ़ाना है।

पिछली किस्तों की तरह इस बार भी राशि सीधे डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के माध्यम से पात्र महिलाओं के बैंक खातों में भेजी जाएगी। लाभार्थी महिलाओं को सलाह दी गई है कि वे अपने बैंक खाते, आधार लिंक और डीबीटी की स्थिति की जांच कर लें, ताकि राशि प्राप्त करने में किसी तरह की परेशानी न हो। योजना की 39वीं किस्त को लेकर महिलाओं में उत्सुकता बनी हुई है।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड में हायर सेकंडरी स्कूल को मिला द्वतीय स्थान

**दतिया, जीएनएस।**

स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर दतिया के पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में आयोजित परेड में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक.-2 दतिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 के प्राचार्य श्री रामेश्वर प्रसाद दीक्षित एवं एन. सी. सी. अधिकारी केशव वर्मा के मार्गदर्शन में एन. सी. सी. केडिट ने 80 वें स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में जिला पुलिस लाइन में परेड में द्वितीय स्थान प्राप्त



किया। परेड का नेतृत्व कैडेट आदित्य जौहरिया ने किया। टीम में कुल 22 कैडेट शामिल थे। कर्नल डी. एस. बर्मा एवं कर्नल संजीव सरीन 15 एम. पी. बटालियन ग्वालियर एवं विद्यालय के प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद दीक्षित एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने एन. सी. सी. अधिकारी केशव बर्मा एवं कैडेट्स को शुभकामनाएं दी ।

### हतलई के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर धाम क्षत्रिय समाज ने किया महाराजा अरुणादित्य देव का भव्य स्वागत

**दतिया।** दतिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम हतलई में स्थित सिद्ध बाबा के स्थान प्रसिद्ध सिद्धेश्वर धाम पर रविवार को क्षत्रिय समाज द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में दतिया महाराजा अरुणादित्य देव



का फूल मालाएँ पहनाकर, पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर ग्राम हतलई, चक्क, चिराई, सलैया पवार, नोनेर, उदग्वां, जिगना,डांग करेरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र से बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग एकत्रित हुए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भानु प्रताप सिंह बुंदेला पूर्व जिला अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा दतिया, वरिष्ठ पत्रकार रवि ठाकुर, करणी सेना के जिला अध्यक्ष शिरोमणि सिंह सोलंकी, पूर्व पार्षद नवल यादव, पुष्पेंद्र सिंह परमार जनोरी, बब्बू राजा परमार, उत्तम राजा परमार, नीलू राजा परमार, राजपाल सिंह परमार, छत्रपाल सिंह परमार पूर्व सरपंच आदि उपस्थित रहे।

## सामाजिक समरसता की अनूठी पहल सफाई कर्मचारियों से कराया ध्वजारोहण



**दतिया, जीएनएस।**

स्वतंत्रता दिवस की 80 वी वर्षगांठ के अवसर पर श्री रतन ऑटो फिलिंग स्टेशन, दतिया पर सामाजिक समरसता और श्रम के सम्मान का प्रेरणादायी उदाहरण युवा समाजसेवी अमित अग्रवाल द्वारा प्रस्तुत किया गया। यहां पेट्रोल पंप पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों से ध्वजारोहण करवाकर श्री अग्रवाल ने उनका सम्मान किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई तथा उपस्थित कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर सफाई कर्मचारियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया और समाज में उनके महत्वपूर्ण योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

पेट्रोल पंप संचालक अमित अग्रवाल ने कहा कि ÷तिरंगा प्रत्येक भारतीय के गौरव और समान अधिकार का प्रतीक है। स्वच्छता और सेवा में लगे हमारे साथी समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्हें सम्मान देना ही सामाजिक समरसता की वास्तविक भावना है। उन्होंने कहा कि समाज में किसी भी व्यक्ति की पहचान उसके कार्य के आधार पर छोटी या बड़ी नहीं होनी चाहिए। हर श्रम सम्माननीय है और राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान महत्वपूर्ण है।

# आत्म साधना पावन वर्षायोग एवं सकल जैन समाज ग्वालियर ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

**ग्वालियर, जीएनएस।**

इस देश के तिरंगे के तीन कलर देते है शांति, भक्ति और समृद्धि का संदेश इस भारत के देश प्रेमियों। इस तिरंगे के चक्र के अंदर की 24 लाइनें 24 तीर्थकर और 24 अवतार का स्मरण कराती है। भारत देश की आदर्श संस्कृति और संस्कारों के कारण इस माटी पर विश्व विजेता सिकंदर जैसे लोग पैदा नहीं बल्कि भगवान ऋषभदेव और तीर्थंकर महावीर स्वामी जैसे कर्म विजेता आत्माओं ने भी जन्म इस धरती लिया है। भारत देश आतंकवादियों का देश नहीं अनेकांत सादियों का देश है।

त्यागी, तपस्वी, देशभक्त राजगुरु, महाराणा प्रताप जैसी आत्माओं ने जन्म लिया है। जिन्होंने देश की अस्मिता को बचाने के लिए हंसते हंसते अपने प्राणों को कुर्बान कर दिया। यह विचार आचार्य चैत्य सागर महाराज ने स्वतंत्रता दिवस पर आत्म साधना पावन वर्षायोग एवं सकल जैन समाज ग्वालियर के तत्वावधान में नई सड़क स्थित




चंपाबाग धर्मशाला में राष्ट नाम संदेश संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री अनुमान सागर महाराज ने कहा कि इस हिंदुस्तान और भारत महा पुरुष पैदा हुए जिससे आदिनाथ पुत्र भारत दशरथ पुत्र भरत शकुंतला पुत्र भरत की याद आए। हमें विदेशी भाषा, वस्त्र और संस्कृति को छोड़कर राष्टभाषा हिंदी, स्वदेशी सामान और हमारी संस्कृति वसुदेव कुटुंब कम को अपनाना चाहिए। कार्यक्रम के पहले चातुर्मास समिति के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गंगवाल एवं सतीश चांदवाड़ ने राष्टीय ध्वजा फहराकर किया। वही चातुर्मास समिति के अध्यक्ष डॉ वीरेंद्र गंगवाल, सचिव निर्मल पाटनी, विकास गंगवाल, विनय कासलीवाल, पंकज छाबडा, संजय गोधा, शांति टोंग्या सहित सकल जैन समाज ने सभी जैन संतो के चरणों में श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद लिया। मंच संचालन विनय कासलीवाल जैन ने किया। गणिनी आर्यिका श्री शाश्वत श्री माताजी ने कहा कि तिरंगा झंडा सिर्फ डंडे पर नहीं लहराना चाहिए हर भारतवासी के हृदय में लहराना चाहिए। भारत देश में केवल अपने लिए शांति की प्रार्थना भगवान से नहीं की जाती सारे जगत में शांति की प्रार्थना की जाती है। उहोंने ने कहा कि हमारा देश स्वच्छता होना चाहिए। यदि हम भारत में रहते है तो हमारा कर्तव्य है गंदगी को हर दम नहीं होने देखे और स्वच्छता का विशेष ख्याल रखकर इस देश को उचाइयों तक पहुंचाए।

## ग्राम जिगना में बाबा साहब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महापुरुषों को किया याद

**दतिया, जीएनएस।**

महिला कांग्रेस की प्रदेश महासचिव श्रीमती डॉ रचना शेर सिंह ने स्वतंत्रता दिवस की 80 वी वर्ष गांठ पर ग्राम जिगना पहुंच कर भारत के संविधान के निर्माता बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जी के चरणों में नमन वंदन कर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर सभी वरिष्ठ जनों माता बहनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई शुभकामनाएं देते हुए सभी महापुरुषों को याद किया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को याद करते हुए उनके द्वारा लड़े गए अहिंसात्मक आंदोलन के बारे में सभी ग्राम वासियों को बताया एवं ऐसे देशभक्त जिन्होंने इस देश को आजादी दिलाने में अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए उनके



बलिदान की कहानी सभी बच्चों को बताते हुए एक दूसरे के साथ गले मिलकर और भारत माता की जय और एवं बाबा साहब अमर रहे जय भीम के नारों के साथ सभी के बीच मिठाई वितरण किया, तथा स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ हरियाली तीज के त्यौहार को भी सभी माता बहनों के बीच में हरी चूड़ियां एक दूसरे को पहना कर बाबा साहब के मधुर भजनों को गाते हुए हरियाली तीज का पवित्र त्यौहार मनाया जिसमें सभी बच्चों ने पर चढ़कर हिस्सा लिया और पेड़ों पर झूले डालकर एक दूसरे को झुलाते हुए सभी बहनों और बच्चों के साथ सावन महीने के इस त्यौहार को प्रेम पूर्वक मनाया।


भिण्ड-गोरमी
के
समाचार
विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
महेश चौधरी
98267-36233





निष्पक्षता-विश्वसनीयता एवं जनहित का संवाहक

श्रमसाधना

## संपादकीय

# दिल्ली में जवाबदेही तो झारखंड और कर्नाटक में क्यों नहीं?

सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच टकराव के चलते संसद में गतिरोध बना हुआ है। विपक्ष केंद्र सरकार से जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित बल प्रयोग को लेकर जवाब मांग रहा है। उसका सवाल है कि प्रदर्शनकारियों पर पेलेट गन और कील लगी लाठियों के इस्तेमाल की अनुमति किसने दी। विपक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सदन में अनुपस्थिति को लेकर भी सवाल उठा रहा है।

लेकिन इसी बीच झारखंड और कर्नाटक से सामने आ रहे परीक्षा घोटालों ने विपक्ष की राजनीतिक जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। झारखंड में युवा लगातार परीक्षा में गड़बड़ियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। 10 अगस्त को विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस लाठीचार्ज के बाद मामला और गरमा गया। पुलिस का दावा है कि प्रदर्शनकारियों के पथराव में 14 पुलिसकर्मी घायल हुए, जबकि छात्रों और विपक्षी दलों ने पुलिस पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग का आरोप लगाया।

झारखंड सरकार ने 14वीं झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा रद्द करने की घोषणा की है। दो अन्य परीक्षाओं को रद्द करने और टीडीपीएल द्वारा आयोजित परीक्षाओं की जांच की बात भी कही गई है। मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि झारखंड लोक सेवा आयोग राज्य के महत्वपूर्ण प्रशासनिक पदों पर नियुक्तियां करता है।

जांच एजेंसी ने आयोग के पूर्व अध्यक्ष एल. खियांगते समेत कई लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि परीक्षा संचालन का काम ब्लैकलिस्टेड कंपनी को देने में अनियमितताएं हुईं और भ्रष्टाचार किया गया। इस मामले में अब तक कई गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।

अब कर्नाटक का उदाहरण भी देखिए। कांग्रेस शासित कर्नाटक में 400 पशु चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती परीक्षा पर सवाल उठे हैं। अभ्यर्थियों ने कथित रूप से नौकरी के बदले पैसे मांगने के आरोप लगाए। कर्नाटक लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष शिवशंकरप्पा साहूकर पर भी हितों के टकराव से जुड़े आरोप लगे हैं। राज्यपाल ने उन्हें निलंबित किया है।

यहीं सबसे बड़ा सवाल खड़ा होता है। जब केंद्र की भाजपा सरकार से नीट परीक्षा में कथित गड़बड़ियों और प्रदर्शनकारियों पर पुलिस कार्रवाई को लेकर जवाबदेही मांगी जाती है, तो झारखंड और कर्नाटक में परीक्षा व्यवस्था पर उठे सवालों को लेकर वही राजनीतिक दल समान तीव्रता से जवाबदेही क्यों नहीं मांगते?

परीक्षा में गड़बड़ी किसी भी सरकार के लिए गंभीर विषय है। इससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित होता है और सरकारी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठता है। इसलिए जवाबदेही का पैमाना सरकार और पार्टी देखकर नहीं बदलना चाहिए।

केंद्र में भाजपा हो या झारखंड और कर्नाटक में विपक्षी दलों की सरकारें–परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी, पुलिस कार्रवाई और प्रशासनिक लापरवाही पर सवाल समान रूप से पूछे जाने चाहिए। लोकतंत्र में जवाबदेही तभी सार्थक होगी, जब वह राजनीतिक सुविधा के बजाय एक समान सिद्धांत पर आधारित हो।

प्रान्तीय कार्यालय : 76 शबरी कॉम्पलेक्स, एम.पी. नगर जोन-2 भोपाल, फोन : 0755-2579530

प्रान्तीय ब्यूरो प्रमुख : एल.एन. तवर, 9827781209

प्रान्तीय ब्यूरो : डॉ. जानकी अहिरवार 9406580345

Email:shramsadhnagwl@gmail.com

### राष्ट्रगीत को लेकर सोनिया गांधी पर आरोपों से गरमाई सियासत

# वंदे मातरम् के अपमान पर संग्राम

प्रमोद भार्गव

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के कथित अपमान के आरोपों को लेकर देश की राजनीति गरमा गई है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चित्तौड़गढ़ में कहा कि यह गीत फिर सम्मान प्राप्त कर रहा है, जो सोनिया गांधी को रास नहीं आ रहा। उन्होंने कांग्रेस से गीत के रचयिता बंकिमचंद्र चटर्जी और जनता से माफी मांगने की मांग की। इस बीच दिल्ली के इंद्रप्रस्थ थाने में अधिवक्ता शुभ शर्मा ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। कर्नाटक में भाजपा नेता विकास पुत्तुर ने भी शिकायत दी है। बंकिमचंद्र के वंशज सुमित्रो चटर्जी ने भी सोनिया गांधी से बिना शर्त माफी मांगने का आग्रह किया है।




**राष्ट्रीय प्रतीक के सम्मान का सवाल :** वंदे मातरम् को लेकर विवाद नया नहीं है। स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले के समारोह के दौरान राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा इसके संपूर्ण गान से दूरी बनाए जाने को लेकर भी सवाल उठे। संसद में वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन से जुड़े विधायी प्रावधान पर चर्चा के दौरान भी कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के रुख को लेकर विवाद हुआ था।

राष्ट्रगीत के बहिष्कार की घटनाएं संसद और विधानसभाओं में पहले भी सामने आती रही हैं, लेकिन स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर इसके संपूर्ण गायन का विरोध चिंता का विषय है। निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है, क्योंकि वे संविधान, देश और जनहित के प्रति शपथ लेकर सदनों में पहुंचते हैं। इसलिए राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान केवल धर्म या राजनीति का विषय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गरिमा से जुड़ा प्रश्न है।

**स्वतंत्रता आंदोलन का महत्वपूर्ण प्रतीक रहा गीत:** बंकिमचंद्र चटर्जी के उपन्यास 'आनंदमठ' में शामिल 'वंदे मातरम्' को राष्ट्रगीत का दर्जा प्राप्त है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान इस गीत ने देशवासियों को एकजुट करने और राष्ट्रभावना जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्रांतिकारियों से लेकर स्वतंत्रता आंदोलन के विभिन्न चरणों तक यह गीत राष्ट्रीय चेतना का स्वर बना रहा।

1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान भी देशभर में राष्ट्रवादी भावना को मजबूत करने में ऐसे राष्ट्रीय गीतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आजाद हिंद फौज के सैनिक भी मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना के साथ राष्ट्रवादी गीतों का गायन करते थे।

**आजादी की पूर्व संध्या पर भी गूंजा था वंदे मातरम :** 14 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को देश की स्वतंत्रता के ऐतिहासिक अवसर पर सुचेता कृपलानी ने वंदे मातरम् का गायन किया था। उपस्थित लोग गीत के सम्मान में खड़े रहे। 15 अगस्त 1947 को आकाशवाणी से पंडित ओंकारनाथ ठाकुर ने भी इसका गायन किया। बाद में इसे राष्ट्रगीत की प्रतिष्ठा मिली।

वंदे मातरम् की मूल रचना संस्कृतनिष्ठ भाषा में है और राष्ट्रगीत के रूप में इसके चयनित अंश को ही आधिकारिक रूप से स्वीकार किया गया है।

**विवाद का समाधान स्वतंत्रता से पहले तलाशा गया :** वंदे मातरम् को लेकर धार्मिक आपत्तियां भी पुरानी हैं। 1937 में कांग्रेस कार्यकारिणी ने आचार्य नरेंद्र देव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई थी, जिसमें मौलाना अबुल कलाम आजाद, जवाहरलाल नेहरू और सुभाषचंद्र बोस जैसे नेता शामिल थे। समिति ने रवींद्रनाथ ठाकुर से परामर्श के बाद निर्णय लिया था कि राष्ट्रीय और सार्वजनिक सभाओं में गीत के चयनित पदों का गायन किया जाए।

इससे स्पष्ट है कि गीत को लेकर उठने वाली आपत्तियों का समाधान स्वतंत्रता से पहले ही संवाद और सहमति के माध्यम से तलाश लिया गया था।

**राष्ट्र को 'मां' कहना धार्मिक नहीं, सांस्कृतिक भाव है :** वंदे मातरम् को इस्लाम विरोधी बताने की कोशिशों के संदर्भ में यह समझना जरूरी है कि राष्ट्र को 'मां' के रूप में संबोधित करना भारतीय सांस्कृतिक परंपरा का हिस्सा रहा है। देश के प्रति सम्मान और मातृभूमि के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए अलग-अलग भाषाओं और संस्कृतियों में ऐसे प्रतीकों का इस्तेमाल होता रहा है। इसलिए वंदे मातरम् की व्याख्या धार्मिक विवाद के बजाय साहित्यिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय संदर्भ में की जानी चाहिए। किसी भी राष्ट्रीय प्रतीक को लेकर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनका समाधान संवाद और संवैधानिक मर्यादाओं के भीतर ही होना चाहिए।

राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान का प्रश्न निश्चित रूप से गंभीर है, लेकिन ऐसे मामलों में आरोपों की राजनीतिक गर्मी से अलग तथ्य, कानून और संविधान की कसौटी पर निर्णय होना चाहिए। जनप्रतिनिधियों से अपेक्षा है कि वे असहमति के अधिकार के साथ राष्ट्रीय गरिमा और लोकतांत्रिक मर्यादा का भी सम्मान करें।

### एनएचएआई का 10 मिनट में एंबुलेंस और एक घंटे में अस्पताल पहुंचाने का लक्ष्य

# हाईवे हादसों में अब हर सेकंड की जवाबदेही

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी, गोंदिया (महाराष्ट्र)

राष्ट्रीय राजमार्ग केवल आवागमन के साधन नहीं, बल्कि देश की आर्थिक जीवनरेखा हैं। लेकिन जब इन्हीं राजमार्गों पर हादसों के बाद घायल व्यक्ति को समय पर उपचार नहीं मिल पाता तो यह केवल यातायात व्यवस्था नहीं, बल्कि मानव जीवन और प्रशासनिक जवाबदेही का गंभीर प्रश्न बन जाता है।

सड़क दुर्घटनाओं में कई बार मौत चोटों से नहीं, बल्कि इलाज में हुई देरी से होती है। हादसे के बाद सड़क किनारे तड़पता घायल, तमाशबीन भीड़, मदद करने से डरते राहगीर और देर से पहुंचती एंबुलेंस जैसी स्थितियां अब बदलने की जरूरत है। इसी दिशा में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने आपातकालीन सेवाओं के लिए नए सेवा मानक लागू किए हैं।

नई व्यवस्था के तहत दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद आपातकालीन टिकट को एक मिनट के भीतर स्वीकार करना होगा। इसके बाद एंबुलेंस को दो मिनट में रवाना होना होगा और 10 किलोमीटर के दायरे में दुर्घटनास्थल तक अधिकतम 10 मिनट में पहुंचना होगा। घायल को निकटतम अस्पताल पहुंचाने के लिए एक घंटे की समय सीमा निर्धारित की गई है।

इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि अब एंबुलेंस सेवा केवल उपलब्धता तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उसकी पूरी प्रक्रिया डिजिटल निगरानी में होगी। जीपीएस, एनएचएआई केयर सिस्टम और डिजिटल रिकॉर्ड के माध्यम से यह देखा जा सकेगा कि सूचना कब मिली, एंबुलेंस कब रवाना हुई और मरीज अस्पताल कब पहुंचा।

एनएचएआई के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों पर करीब 3000 एंबुलेंस और 1000 से अधिक पेट्रोलिंग वाहन एवं क्रेन तैनात हैं, जो हजारों किलोमीटर लंबे हाईवे नेटवर्क पर आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

**देरी पर लगेगा जुर्माना**

नई व्यवस्था में लापरवाही पर आर्थिक दंड का प्रावधान किया गया है। आपातकालीन टिकट स्वीकार करने में देरी, एंबुलेंस को समय पर रवाना न करने या घायल को निर्धारित समय में अस्पताल न पहुंचाने पर 10 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

इसका उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि सेवा प्रदाताओं को जवाबदेह बनाना है। अब 'ट्रैफिक में फंस गए', 'लोकेशन नहीं मिली' जैसे बहाने डिजिटल रिकॉर्ड के सामने टिक नहीं पाएंगे।

**गोल्डन ऑवर बचा सकता है जिंदगी :** सड़क दुर्घटना के बाद पहला एक घंटा यानी गोल्डन ऑवर जीवन बचाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस दौरान रक्तस्राव रोकना, ऑक्सीजन उपलब्ध कराना, फ्रैक्चर को स्थिर करना और आवश्यक उपचार शुरू करना मरीज की जान बचाने में निर्णायक साबित हो सकता है।

एनएचएआई का 10 मिनट का लक्ष्य केवल प्रशासनिक समय सीमा नहीं, बल्कि जीवन बचाने की रणनीति है।

**केवल एंबुलेंस नहीं, पूरी व्यवस्था में सुधार जरूरी**

हालांकि सड़क हादसों में केवल एंबुलेंस की देरी को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। खराब सड़क डिजाइन, ब्लैक स्पॉट, अवैध पार्किंग, सड़क किनारे खड़े वाहन, टोल प्लाजा पर जाम और गलत लोकेशन जैसी समस्याएं भी आपातकालीन सेवाओं को प्रभावित करती हैं।

इसलिए सड़क सुरक्षा के लिए रोड इंजीनियरिंग, ट्रैफिक प्रबंधन और आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को एक साथ मजबूत करना होगा।

**राहगीर बनें जीवनरक्षक**

भारत में अक्सर लोग पुलिस कार्रवाई के डर से दुर्घटना पीड़ित की मदद करने से बचते हैं। लेकिन गुड समैरिटन कानून के तहत मदद करने वाले नागरिकों को कानूनी संरक्षण दिया गया है।

समाज को यह समझना होगा कि घायल व्यक्ति की मदद करना परेशानी नहीं, बल्कि मानवता और कानून दोनों के प्रति जिम्मेदारी है। एंबुलेंस को रास्ता देना भी प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

सड़क दुर्घटनाओं को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन दुर्घटना के बाद समय पर इलाज न मिलने से होने वाली मौतों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। एनएचएआई की नई व्यवस्था इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जरूरत है कि इसे तकनीक, जवाबदेही और जनभागीदारी के साथ प्रभावी रूप से लागू किया जाए।

### डॉ. रश्मि सिंह के आयोजन में महिलाओं ने गीत-संगीत, झूलों और सांस्कृतिक गतिविधियों का लिया आनंद, सावन के रंग में रंगा पटेल मैरिज गार्डन

# मैहर में धूमधाम से मनाया हरियाली तीज महोत्सव

**मैहर जीएनएस**

पटेल मैरिज गार्डन में रविवार को डॉ. रश्मि सिंह के आयोजन में हरियाली तीज सावन महोत्सव उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मैहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाओं, बहनों और बेटियों ने सहभागिता की।

**हरे परिधानों में पहुंचीं महिलाएं :** सावन की हरियाली और तीज की पारंपरिक संस्कृति से सजे आयोजन में महिलाएं हरे रंग के परिधानों में पहुंचीं। इससे कार्यक्रम स्थल का माहौल और भी आकर्षक हो गया। महिलाओं ने एक-दूसरे को हरियाली तीज की शुभकामनाएं दीं और सावन पर्व का आनंद लिया।

**गीत-संगीत और झूलों ने बांधा समां :** कार्यक्रम में महिलाओं ने सावन के गीतों के साथ गीत-संगीत, झूलों और विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आनंद लिया। पूरे आयोजन स्थल पर सावन के गीतों और उल्लास का माहौल बना रहा। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आयोजन को यादगार बनाया।

**नारी शक्ति और संस्कृति का प्रतीक है तीज - डॉ. रश्मि सिंह :** डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि हरियाली तीज भारतीय संस्कृति, परंपराओं और नारी शक्ति का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से महिलाओं को एक-दूसरे से जुड़ने, अपनी खुशियां साझा करने और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का अवसर मिलता है। आयोजन के सफल संचालन पर उपस्थित महिलाओं ने डॉ. रश्मि सिंह का आभार व्यक्त किया।



# ग्वालियर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन में धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**ग्वालियर जीएनएस**

ग्वालियर इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, बिरला नगर द्वारा 80वां स्वतंत्रता दिवस एसोसिएशन कार्यालय में उत्साह और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। हल्की बारिश के बीच एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रेमी, संरक्षक कमल शर्मा, पुरुषोत्तम कौशिक, अशोक गुप्ता और संजय धवन ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया।

**तिरंगे के सामने स्वच्छता की शपथ :** ध्वजारोहण के बाद संरक्षक कमल शर्मा ने एसोसिएशन के सदस्यों को राष्ट्रीय ध्वज के समक्ष स्वच्छता की शपथ दिलाई। सभी सदस्यों ने अपने-अपने औद्योगिक क्षेत्रों और फैक्ट्रियों के अंदर-बाहर स्वच्छता बनाए रखने तथा कचरे को निर्धारित कचरा गाड़ी में डालने का संकल्प लिया।

**उद्योग जगत के पदाधिकारी रहे मौजूद :** कार्यक्रम में एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष जगदीश मित्तल, संयुक्त अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, एमपीसीसीआई सदस्य महेंद्र गुप्ता, आयुष अग्रवाल, संगठन के कार्यकारी सदस्य अभय गर्ग, राजकुमार राय, विशाल अग्रवाल, रवि हरलाल, अजय लाल, अमित सूरी सहित कपिल राठौर, कमल भगत, हनी चौधरी और विकास गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**विधि-विधान से हुआ ध्वजारोहण :** ध्वजारोहण कार्यक्रम का विधि-विधान से आयोजन पंडित आसाराम शर्मा ने कराया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन अध्यक्ष अशोक प्रेमी ने किया। संयुक्त अध्यक्ष अंकित अग्रवाल ने सभी उपस्थित सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बाद सभी सदस्यों ने स्वल्पाहार ग्रहण किया।

### ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने के बाद बढ़ी संगठनात्मक सक्रियता

# मैहर ब्लॉक कांग्रेस में नई ऊर्जा का संचार, रमेश प्रजापति के नेतृत्व की हो रही सराहना

**मैहर जीएनएस**

मैहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष की जिम्मेदारी वरिष्ठ कार्यकर्ता रमेश प्रजापति 'मुन्ना भैया' को सौंपे जाने के बाद संगठन में सक्रियता बढ़ने का दावा किया जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी और कांग्रेस जिलाध्यक्ष धर्मेश घई 'रोमी' द्वारा जिम्मेदारी दिए जाने के बाद रमेश प्रजापति संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को उठाने पर जोर दे रहे हैं।

**जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठा रहे :** रमेश प्रजापति भाजपा सरकार की नीतियों और स्थानीय स्तर पर



जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर अपनी बात रखने के लिए सक्रिय नजर आ रहे हैं। कांग्रेस संगठन की ओर से विपक्ष की भूमिका को प्रभावी बनाने के लिए वे जनसमस्याओं को पार्टी के मंच पर उठाने पर जोर दे रहे हैं।

**वरिष्ठों और युवाओं को साथ लेकर चलने पर जोर :** रमेश प्रजापति की कार्यशैली में संगठन के वरिष्ठ नेताओं से लेकर युवा कार्यकर्ताओं तक सभी को साथ लेकर चलने पर जोर दिखाई देता है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि इससे ब्लॉक स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रियता बढ़ी है और कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल बना है।

**आम लोगों से सीधा जुड़ाव :** रमेश प्रजापति की एक प्रमुख विशेषता उनका आम लोगों से सीधा संपर्क माना जाता है। क्षेत्र के गरीब, जरूरतमंद और आम परिवारों के सुख-दुःख में शामिल होकर उन्हें सहयोग और भरोसा देने की उनकी पहल की स्थानीय स्तर पर चर्चा है।

**कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत होने की उम्मीद :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं का मानना है कि रमेश प्रजापति के नेतृत्व में मैहर ब्लॉक कांग्रेस संगठन को मजबूती मिल रही है। आने वाले समय में जनहित से जुड़े मुद्दों को और प्रभावी ढंग से उठाने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने की उम्मीद कार्यकर्ताओं ने जताई है।

# स्व.महाराजा भानू प्रताप सिंह को अर्पित की श्रद्धांजलि

**दतिया।** शिवपुरी जिले में स्थित पूर्व खनियाधाना रियासत के महाराजा श्री भानुप्रताप सिंह जूदेव के आकस्मिक निधन होने पर दतिया विधायक एवं राज परिवार के संरक्षक महाराज घनश्याम सिंह ने खनियाधाना पहुंच कर स्व.महाराजा भानू प्रताप सिंह की पार्थिव देह के अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित



की। एवं अन्तेयष्टि में शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत महाराजा को नमन कर ईश्वर से दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने शोकाकुल राज परिवार के सदस्यों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इसके पश्चात विधायक श्री सिंह ने दतिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बानोली निवासी केशव दांगी के पूज्य पिताजी स्व.श्री रामप्रताप सिंह दांगी के असमय दुःखद निधन पर ग्राम बानोली पहुंच कर श्री केशव दांगी एवं अन्य शोक संतृप्त परिवार जनों से मिलकर शोक व्यक्त किया। उन्होंने स्व.श्री रामप्रताप सिंह दांगी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### 'बेटी है तो कल है' संस्था के आयोजन में देशभक्ति गीतों और नृत्य प्रस्तुतियों ने बांधा समां, डांस शिक्षिकाओं का किया सम्मान

# देशभक्ति कार्यक्रम में 151 छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**ग्वालियर जीएनएस**

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 'बेटी है तो कल है' सामाजिक संस्था परिवार की ओर से मेला रोड स्थित केशर टावर मॉल परिसर में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 151 छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

**देशभक्ति गीतों पर कलाकारों ने बांधा समां :** कार्यक्रम में ज्योति दुबे, शैली शर्मा, शिवांगी शर्मा और सुमन चंदेल ने देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। छात्राओं की प्रस्तुतियों में देशप्रेम और उत्साह की झलक देखने को मिली।



**अतिथियों ने बढ़ाया छात्राओं का उत्साह :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश राजौरिया रहे। अध्यक्षता संस्था संयोजक डॉ. वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह तोमर, अमित जैन, संतोष राजौरिया, बिरजू शिवहरे, रवि पांडे, डीसी तिवारी, प्रवीण पवार, संजय धवन, मुकेश पंडित एवं इकबाल मौजूद रहे।

जय प्रकाश राजौरिया ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की।

**डांस शिक्षिकाओं को शील्ड और प्रमाण पत्र से किया सम्मानित**

इस अवसर पर डॉ. सपना मिश्रा, शिखा सोनी, निधि भटनागर, गुंजन यादव, मोनिका वर्मा, कल्पना अग्रवाल और अभिलाषा को शील्ड एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

संस्था संयोजक डॉ. वंदना भूपेन्द्र प्रेमी ने बताया कि संस्था की ओर से पिछले कई वर्षों से स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर यह आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बेटियों को मंच उपलब्ध कराने के साथ उनमें देशभक्ति और आत्मविश्वास की भावना को बढ़ावा देना है।

**संस्था सदस्यों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा :** कार्यक्रम का संचालन भूपेन्द्र प्रेमी ने किया, जबकि आभार भानु भास्कर शर्मा ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भावना राजपूत, राखी परमार, रेखा भदौरिया, रूपाली सक्सेना, रेनू साहू, कविता आर्य, नीतू तोमर, सीमा शर्मा, कामनी पाल, दीपिका शर्मा, रचना अग्रवाल, पूनम सेमर सहित संस्था के सदस्य मौजूद रहे।



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
बलराम कृषि महोत्सव
ग्वालियर संभाग
गुना 18 अगस्त
अशोकनगर 20 अगस्त
शिवपुरी 22 अगस्त
दतिया 24 अगस्त
ग्वालियर 25 अगस्त
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश
किसान कल्याण वर्ष 2026
किसानों के हित में सतत प्रयास
• 100 लाख हेक्टेयर वर्ष 2028-29 तक सिंचाई का लक्ष्य
• 490 लाख मीट्रिक टन उद्यानिकी उत्पादन का लक्ष्य
• 4 गुना मुआवजा कृषि भूमि अर्जन पर
• ₹12 हजार पीएम किसान सम्मान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण में सालाना
• 10 हॉर्सपावर तक ऊर्जा प्रभार में सब्सिडी ₹5 में बिजली का स्थाई कनेक्शन
• खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने हेतु 60% तक प्रोत्साहन
• 50 लाख लीटर प्रतिदिन दुग्ध संकलन का लक्ष्य
• 5,562 दुग्ध समितियों के माध्यम से 83 हजार सदस्यों का वित्तीय समावेशन
• 0% ब्याज दर पर फसल ऋण, भुगतान हेतु साल भर की सुविधा
• 32 लाख किसानों को पीएम कुसुम योजना में सोलर पंप देने का लक्ष्य
• 50% तक सब्सिडी कृषि आधारित उद्योगों को
• ₹6000 करोड़ के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य, ₹12,400 करोड़+ का संभावित निवेश
जुड़िये, नये मध्यप्रदेश से
अनुभव करने के लिए QR को स्कैन करें
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11052/26
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

### स्वतंत्रता दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन, कलेक्टर ने पढ़ाई और भविष्य के लक्ष्य को लेकर किया संवाद

# कलेक्टर और एसपी ने विद्यार्थियों के साथ किया विशेष भोज

**शिवपुरी जीएनएस**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले के सभी शासकीय विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों के लिए विशेष भोज का आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा और पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने शासकीय सांदीपनि विद्यालय शिवपुरी में विद्यार्थियों के साथ बैठकर विशेष भोज किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव, जिलाध्यक्ष जसमंत जाटव, जिला पंचायत सीईओ विजय राज, अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, एसडीएम आनंद राजावत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल हुए।



**विद्यार्थियों से किया आत्मीय संवाद :** विशेष भोज के दौरान कलेक्टर अर्पित वर्मा ने छात्राओं से आत्मीय संवाद किया। उन्होंने बच्चों से पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और मन लगाकर पढ़ाई करने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से यह भी पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। बच्चों ने अपने भविष्य के सपनों के बारे में रोचक जवाब दिए। कलेक्टर ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने लक्ष्य के लिए मेहनत करने की प्रेरणा दी।

**बच्चों के साथ बैठकर किया भोजन :** कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अतिथियों ने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ बैठकर निर्धारित मीनू के अनुसार विशेष भोज किया। इस दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह और उल्लास नजर आया। विशेष भोज का उद्देश्य विद्यार्थियों के साथ स्वतंत्रता दिवस की खुशियां साझा करने के साथ उनमें राष्ट्रीय पर्व के प्रति उत्साह, सहभागिता और देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना रहा।

### कर्नल देवेंद्र सिंह वर्मा ने किया ध्वजारोहण, एनसीसी कैडेट्स ने दी सलामी

# वीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्टडीज में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**ग्वालियर जीएनएस**

वीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्टडीज में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 15 एमपी बटालियन एनसीसी, कम्पू, ग्वालियर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल देवेंद्र सिंह वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर समारोह का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एडमिन ऑफिसर कर्नल संजीव सरीन मौजूद रहे।

कार्यक्रम में संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. प्रज्ञा सिंह, समाजसेवी मुकेश भदौरिया सहित संस्थान के अधिकारी, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**एनसीसी कैडेट्स ने बंदूकों से दी तिरंगे को सलामी :** ध्वजारोहण के बाद एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन और देशभक्ति का परिचय देते हुए बंदूकों से राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस दौरान पूरा परिसर देशभक्ति के नारों और राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंज उठा।

**देशभक्ति प्रस्तुतियों ने मोहा मन :** समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतों पर एकल और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए। इसके साथ ही नाट्य एवं प्ले एक्ट के माध्यम से देश के वीर सपूतों के बलिदान, स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने अतिथियों और दर्शकों का मन मोह लिया।

**आजादी का जोश लक्ष्य पूरा होने तक कायम रहे :** मुख्य अतिथि कर्नल देवेंद्र सिंह वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस का जोश कुछ दिनों या सप्ताह बाद सामान्य हो जाता है, लेकिन 1857 से 1947 तक स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वालों का त्याग अतुलनीय था। उनका जोश तब तक कम नहीं हुआ, जब तक देश को आजादी नहीं मिली।

# भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष जसवंत यादव ने किया ध्वजारोहण



**शिवपुरी जीएनएस**

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय शिवपुरी में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष जसवंत यादव ने राष्ट्रध्वज फहराकर सलामी दी और उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

**पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद :** ध्वजारोहण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने राष्ट्रध्वज को नमन करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं साझा कीं।

इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए कार्य करने का संकल्प भी लिया।

# टैक्स प्रोफेशनल बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी गठित

**शिवपुरी जीएनएस**

टैक्स प्रोफेशनल बार एसोसिएशन, शिवपुरी की सामान्य बैठक 15 अगस्त को आयोजित की गई। बैठक में एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी के गठन को लेकर चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया।

नवीन कार्यकारिणी में एड. हनुमंत नेवास्कर को अध्यक्ष, एड. महेश कुमार गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एड. छाया बंसल को उपाध्यक्ष, एड. सौरभ मित्तल को सचिव, एड. अंकित जैन को सहसचिव तथा कर सलाहकार मनोज गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी के गठन पर एसोसिएशन के संरक्षक एड. राजेंद्र कुमार अग्रवाल एवं एड. केसी जैन सहित वरिष्ठ सदस्यों एड. पवन जैन, कर सलाहकार पारस जैन, एड. पीसी जैन, एड. पीयूष जैन, एड. आयुष अग्रवाल, एड. अनुराग अग्रवाल, एड. शैंकी मंगल, एड. दिलीप श्रीवास्तव, एड. पीयूष पदम जैन एवं एड. सौरभ गर्ग ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

### फेसबुक पर संघ, भाजपा और स्वतंत्रता संग्राम के जननायकों के खिलाफ कथित भड़काऊ टिप्पणियों का आरोप

# आरएसएस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर एफआइआर

**गुना जीएनएस**

सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), भारतीय जनता पार्टी और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े जननायकों के खिलाफ कथित आपत्तिजनक एवं उत्तेजक टिप्पणियां करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने फेसबुक यूजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले को विवेचना में लिया है।

**शिकायतकर्ता ने स्क्रीनशॉट के साथ दिया आवेदन :** सिसोदिया कॉलोनी निवासी पीयूष रघुवंशी (23) ने सिटी कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। इसके साथ फेसबुक पर किए गए कमेंट्स के नौ पेज के स्क्रीनशॉट भी पुलिस को सौंपे गए। शिकायत में आरोप लगाया गया कि फेसबुक आईडी 'कुंवर विशाल सिंह चौहान' से संघ और भाजपा के इतिहास को लेकर सार्वजनिक मंच पर लगातार अभद्र, अमर्यादित और भड़काऊ भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा था।

**वैमनस्य और घृणा फैलाने का लगाया आरोप :** शिकायतकर्ता के अनुसार, फेसबुक पोस्ट और टिप्पणियों में आरएसएस से जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए तथा संघ की तुलना कथित तौर पर गुलामी वाली संस्था से की गई। शिकायत में कहा गया कि इस प्रकार की टिप्पणियों से सामाजिक समूहों के बीच आक्रोश और घृणा पैदा होने तथा सार्वजनिक शांति भंग होने की आशंका है। मामले की शिकायत और उपलब्ध सामग्री के आधार पर सिटी कोतवाली पुलिस ने संबंधित फेसबुक यूजर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 196(1) और 353(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सोशल मीडिया पर की गई टिप्पणियों और शिकायत से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है।

### 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत आयोजित सम्मान समारोह में पूर्व सैनिकों को शॉल, श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर किया सम्मान

# सैनिकों का देश सेवा में अमूल्य योगदान : जसवंत जाटव

**शिवपुरी जीएनएस**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत भाजपा कार्यालय शिवपुरी में पूर्व सैनिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने पूर्व सैनिकों का शॉल, श्रीफल एवं पुष्पहार से सम्मान किया।

**पूर्व सैनिक देश की शान - जसवंत जाटव :** भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव ने कहा कि देश सेवा में अपना अमूल्य योगदान देने वाले पूर्व सैनिक देश की शान हैं। ऐसे पूर्व सैनिकों का सम्मान कर पार्टी स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रही है। राष्ट्र की रक्षा के लिए समर्पित वीर सैनिकों का त्याग, शौर्य और समर्पण सभी के लिए प्रेरणादायक है।

उन्होंने पूर्व सैनिकों को आश्वस्त किया कि पार्टी उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास करेगी।

**पूर्व सैनिकों को बताया राष्ट्रीय धरोहर :** कार्यक्रम की शुरुआत में जिला महामंत्री केपी परमार ने अपने संबोधन के माध्यम से पूर्व सैनिकों का स्वागत किया। जिला महामंत्री लवलेश जैन 'चीनू' ने कहा कि पूर्व सैनिक देश की राष्ट्रीय धरोहर हैं और उनका सम्मान करना सभी के लिए गर्व की बात है।

**शॉल, श्रीफल और पुष्पहार से किया सम्मान :** समारोह में सुरेश राठौर, अशोक शर्मा, विशाल जोशी, ताजभान सिंह, मनोज दीक्षित, प्रदीप बाजपेई, शिव कुमार शर्मा, रामवीर पाराशर, सुनील शर्मा, बलवीर धाकड़, योगेंद्र शर्मा सहित अन्य पूर्व सैनिकों का सम्मान किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, उपाध्यक्ष नवाब सिंह कुशवाहा, जिला महामंत्री लवलेश जैन व केपी परमार, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता, हरिओम राठौर, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश जैन, हरवीर सिंह रघुवंशी, मुन्नालाल कुशवाहा, दिलीप मुदगल, मंडल अध्यक्ष कृष्णा कुशवाहा, गिर्राज शर्मा, विपुल जैमिनी, निर्दोष गोयल, प्रशांत राठौर एवं रितेश जैन सहित अन्य पदाधिकारियों ने पूर्व सैनिकों को शॉल, श्रीफल और पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया।

**सैनिकों ने साझा किए अनुभव, बताई समस्याएं :** पूर्व सैनिक विशाल जोशी सहित अन्य सैनिकों ने अपने सेवा काल के अनुभव साझा किए। उन्होंने सैनिकों की दिनचर्या और देश सेवा से जुड़े अनुभवों पर चर्चा की तथा अपनी कुछ समस्याएं भी सामने रखीं। कार्यक्रम के अंत में भाजपा जिला महामंत्री लवलेश जैन ने सभी पूर्व सैनिकों और उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एक शाम अटल के नाम: काव्यधारा मंच ने किया कवि सम्मेलन

**ग्वालियर, जीएनएस।**

मध्य प्रदेश काव्यधारा मंच के तत्वावधान में संस्था के अध्यक्ष नयन किशोर श्रीवास्तव के निवास, ए-18, थाटी चौहान, प्याऊ के पास, ग्वालियर में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री, ग्वालियर के लाड़ले सपूत एवं प्रखर राष्ट्रवादी नेता अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर 'एक शाम अटल के नाम' कवि सम्मेलन आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता एम एल सिंहल ने की। मुख्य अतिथि कवियत्री रेशमा बानो हाशमी रही विशिष्ट अतिथि रविकांत दबंग तथा सारस्वत अतिथि राम सेवक शाक्यवार ÷स्वप्नेश÷रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन ऊर्जावान कवि हेमंत त्रिवेदी ने किया। संस्था अध्यक्ष नयन किशोर श्रीवास्तव ने अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें राष्ट्रभक्ति, साहित्य और संवेदनशीलता का अद्भुत संगम बताया। मुख्य अतिथि रेशमा बानो एवं एम एल सिंघल ने भी अटल जी के व्यक्तित्व और राष्ट्रसेवा पर अपने विचार रखे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामसेवक शाक्यवार ने अटल जी को समर्पित रचना प्रस्तुत कर काव्यांजलि दी। इसके बाद कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से अटल जी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

एवं उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला

पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जो कुछ इस प्रकार रहा-




यादें जब तड़पाएगी तब होगा आंसू का रेला

पुण्यतिथि पर पुष्प चढ़ाई कुछ भी पता नहीं होता

-नयन किशोर श्रीवास्तव

जालिम को सरफिरा ना कहें और क्या कहें

उसको बुरा भला न कहें और क्या कहें

मनीष कुबेर

जमी है हमारी यह अंबर हमारा

हमें कौन रोके, समंदर हमारा

बड़े पर्वत को भी जीता है हमने बता क्या करेगा तू पत्थर हमारा

-गोपाल दंडोतिया

यूं तो अपना अपना मुकद्दर होता है

कोई खंजर, कोई सिकंदर होता है।

-कमलेश कैस

हम मोहब्बत का जरूरी सिलसिला ले जाएंगे

जब जहां से जाएंगे तो अदा ले जाएंगे

-हेमंत त्रिवेदी अमन संचालन कर्ता

ग्वालियर की पुण्य धरा, धन्य हुआ यह धाम ।

अटल यहां अवतरित हुए बढ़ा देश का नाम

-यासीन मंसूरी

या मौला ये इश्क का कौन सा रंग है

यार के जिस्म से अब मां की बू आती है

-एम एल सिंहल

रहे सदा संघर्षरत ,किया देश हित काम।

अथक परिश्रम से कभी ,मिला नहीं आराम।

उन्हें अटल को याद कर, नमन करें हम आज,

अर्पित हैं कविता सुमन, शाम अटल के नाम

रामसेवक शाक्यवार स्वप्नेश

राजनीति के पारखी अटल गुणों की खान

अटल बिहारी से बढ़ी भारत मां की शान

-रविकांत दबंग

वह हर जगह अपनी सांठ गांठ रखता है

होठों पर तबस्सुम दिल में गांठ रखता है

कैलाश स्वर्णकार

काव्या धारा मंच की ओर से कवि मनीष कुबेर को साहित्य सेवा के लिए संस्था की ओर से सम्मानित भी किया गया।

# तिरंगा यात्रा सामाजिक समरसता और भाईचारे को मजबूत करने का माध्यम: प्रवीण पाठक

**ग्वालियर, जीएनएस।**

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व विधायक प्रवीण पाठक के मार्गदर्शन में दक्षिण विधानसभा के सभी वार्डों में बाइक एवं पैदल तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और वार्डवासी शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लेकर निकले कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति का संदेश दिया।

इस अवसर पर प्रवीण पाठक ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल देशभक्ति का आयोजन नहीं है, बल्कि समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का माध्यम भी है। ऐसे आयोजनों से लोगों के बीच आपसी जुड़ाव, भाईचारा और राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। यात्रा में संगठन महासचिव इब्राहिम पठान, ब्लॉक अध्यक्ष हरी जाटव, लक्ष्मी माथुर, कुलदीप व्यास, अंसार खान, श्याम सुंदर श्रीवास्तव, वार्ड प्रभारी दिनेश पांडे पट्टू, रघुवीर खरे, मेहबूब खां चैनवाले, प्रताप राव महाडिक, राजेश ऐरन, भैयालाल भटनागर, संतोष शर्मा, कैलाश चावला, जीवाजी राव मांडोले, लोकेंद्र कुशवाह, विजय शर्मा, संजय फड़तरे, राकेश शर्मा, निर्मल संतवानी, मुकेश जाटव, दिलीप मिश्रा, अब्दुल हमीद पप्पू, असलम शेर खान, अर्जुन कुशवाह, अरविंद चौहान, पार्षद प्रेमलता धर्मेंद्र जैन, मंगल यादव, चांदनी जंगबहादुर सिंह, अनीता मुकेश धाकड़, मंडलम अध्यक्ष ऊषा शिवहरे, सुधीर राठौर, विष्णु जायसवाल, कपिल पाल, मोनू भटनागर, अरविंद राठौर, मनोज मंगलानी, इरफान खान, वैभव अग्रवाल, वीरेंद्र कुशवाह, ऋषभ जैन, उपेंद्र शंकरण, रिंकू कुशवाह, मयंक जैन, राम कुशवाह, आकाश खटीक, अरमान खान, किशन तोमर, बृजमोहन चौरसिया, हरेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं वार्डवासी मौजूद रहे।

# ये हे स्वच्छता एवं स्मार्ट सिटी की जीती जागती तस्वीर उफनता सीवर चेंबर

**ग्वालियर, जीएनएस।**

नहीं सुनते क्षेत्र वासियों की सीवर चेंबर से जुड़े ठेकेदार ओर पी एच ई अधिकारी क्या यही स्मार्ट सिटी की जीती जागती तस्वीर क्या यही स्वच्छता का संदेश हे स्वच्छता के नाम पर करोड़ों रुपए जनता के टेक्स का कहां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रहा हे । मामला वार्ड 35 नई सड़क 52 पाएगा में स्थित मस्जिद के सामने बाली गली में विगत बीस दिन से सीवर चेंबर में से ओवर फ्लो दूषित गंदा पानी बह रहा हे । जिस कारण क्षेत्र वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हे।

सीवर चेंबर में से निकलने बाली बदबूदार गेस से बहां के रहवासी एवं राहगीरों का सांस लेना दूभर हो चुका हे सबसे बड़ी बात हे कि इन नकारा ठेकेदार ओर अधिकारियों की की इस लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र वासियों को गंभीर बीमारियों से भुगतने का अंदेशा बना रहता हे ।

इन्हें नहीं हे निगम आयुक्त की किसी भी तरह की कार्यवाही का डर , जबकि उक्त चेंबर की सफाई किए जाने को लेकर क्षेत्र वासी एवं म ÷ प्र ÷ कांग्रेस विकलांग प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव एवं वरिष्ठ समाजसेवी ओर राष्ट्रीय शसक्त आत्मनिर्भर ट्रस्ट नई दिल्ली के राष्ट्रीय सलाहकार एवं आर टी आई ऐक्टिविस्ट श्री अनूप जौहरी जी एवं रहवासी हमीद खां उस्मानी जी भी सम्बंधित अधिकारियों, ठेकेदार, एवं पार्षद से भी बार-बार समस्या का समाधान किए जाने के लिए फोन करके अवगत करा चुके हैं। मगर किसी के कान पर जूं नहीं रेंग रही हे । जौहरी ने निगम आयुक्त महोदय से शीघ्र उक्त समस्या का समाधान करायें जाने के साथ ही इन नकारा अधिकारियों ठेकेदार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की से ।

# चाय विथ हेल्प गुरु: संवाद, सुझाव और समाधान का संगम

## छात्र-छात्राओं के लिए इस बार हुई सफलता प्राप्त करने वाली चाय पर चर्चा

**ग्वालियर, जीएनएस।**

मध्य प्रदेश में विभिन्न विभागों में निकली भर्तियों की कैसे करें तैयारी, एसएससी, बैंक, रेलवे का क्या है परीक्षा पैटर्न जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्वालियर शहर के जाने माने शिक्षकों के साथ चाय पर चर्चा (चाय विथ हेल्प गुरु) वेदांश कंप्यूटर एजुकेशन तानसेन रोड ग्वालियर पर संपन्न हुई जिसमें शहर के अलग-अलग विषय के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों ने एक ही छत के नीचे बैठकर छात्रों के मन में उठ रहे प्रश्नों का समाधान चाय, बिस्कुट और नमकीन के स्वाद के साथ किया।

सैकड़ो की संख्या में उपस्थित छात्र-छात्राएं ने राउंड टेबल के रूप में बैठकर चाय, नमकीन और बिस्कुट के साथ करियर को लेकर मन में उठ रहे प्रश्नों को पूछा जिसका समाधान बड़ी संख्या में उपस्थित अलग-अलग संस्थाओं के अलग-अलग विषय के विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा किया गया।

चाय पर चर्चा के संयोजक हेल्प गुरु प्रमोद राजावत ने बताया चाय विथ ÷हेल्प गुरु÷ प्रत्येक रविवार को होने वाली अद्वितीय और अनोखी चाय पर चर्चा है जो अलग-अलग विषय पर आयोजित होती है जो ग्वालियर चंबल संभाग में संवाद, सुझाव और समाधान के लिए प्रचलित है। आज की चाय पर चर्चा छात्र-छात्राओं के लिए रामबाण साबित हुई जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण छात्र-छात्राओं के मन के प्रश्नों का लगातार मिल रहा समाधान था। चाय की चर्चा में प्रमुख रूप से माधव महाविद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार पचौरी जी, जीवाजी विश्वविद्यालय के कार्य परिषद सदस्य एडवोकेट भानु प्रताप सिंह चौहान जी, मनोविज्ञान विषय के नवनीत पचौरी जी, हिंदी विषय के प्रदीप सर जी,प्रतियोगी परीक्षाओं के गणित विषय के राम सर तथा रामकुमार रावत सर, अंग्रेजी विषय के सत्येंद्र सिकरवार सर, धर्मेंद्र सिकरवार सर, सत्यवीर तोमर सर, भूतपूर्व सैनिक राम भोग सिंह तोमर, देवेंद्र भदोरिया, विक्रम तोमर, ज्ञानेंद्र भदोरिया, निखिल सिकरवार, चंचल शर्मा सहित सैकड़ो छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# सुधीर गुप्ता ने ध्वजारोहण किया



**ग्वालियर, जीएनएस।**

अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि सुधीर गुप्ता वाइस चेयरमैन ग्वालियर विकास प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम के बाद ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के पदाधिकारीगण चंद्रप्रकाश खंडेलवाल अध्यक्ष, राजकुमार गर्ग जिला प्रभारी, कार्यक्रम संयोजक सचिन जैन, प्रमोद जैन, महेश चंद महामंत्री, आशीष जैन कोषाध्यक्ष, प्रदेश मंत्री डॉ रजनीश नीखरा, वरिष्ठ भाजपा नेता पारस जैन, अशोक कस्तवार, अशोक बांदिल, अमित बंसल, विपुल गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य सम्मेलन के घटकों के पदाधिकारीगण बड़ी संख्या उपस्थित रहे मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में स्वतंत्रता दिवस को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# कामधेनु धाम गौशाला परिसर में देशभक्ति और गोसेवा के संकल्प के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**प्राण शर्मा, गुड़गाँव**

रोटी पानी सेवा ट्रस्ट, गुरुग्राम एवं कामधेनु धाम गौशाला, कार्टरपुरी के संयुक्त तत्वावधान में 80वें स्वतंत्रता दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री मुकेश मीणा जी, ढ्ढक्क (सेवानिवृत्त), पूर्व डीजीपी गोवा एवं स्पेशल सीपी दिल्ली पुलिस तथा विशेष अतिथि श्री परमजीत राघव जी, सेवानिवृत्त डीआईजी, बीएसएफ उपस्थित रहे।

गौशाला पहुंचने पर दोनों अतिथियों का तिलक एवं प्रसाद से स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि ने गौशाला परिसर में आम एवं चीकू के पौधे लगाए तथा तिरंगा फहराकर सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया।

इस अवसर पर गुरुकुल के बच्चों ने गणेश स्तुति, मंत्रोच्चारण, गीता श्लोक, देशभक्ति गीत एवं योग पिरामिड सहित मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।




श्रीमती लाज कक्कड़ एवं मिथिलेश ने भी अपनी विशेष प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। बच्चों को शिक्षा सामग्री, खाद्य सामग्री एवं संस्था के लोगो वाले मग भेंट किए गए।

गोसेवा एवं सामाजिक सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सेवाभावी व्यक्तियों, दानदाताओं एवं नियमित सेवा करने वाले सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। रोटी पानी सेवा ट्रस्ट के कैशियर श्री कुलदीप मेंदिरत्ता जी ने ट्रस्ट की पिछले एक वर्ष की सेवा गतिविधियों एवं वित्तीय विवरण प्रस्तुत किया।

वहीं गोसेवा आयोग के उपाध्यक्ष श्री पूरण यादव लोहचब जी ने गोसेवा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक लोगों से इस पुनीत कार्य से जुड़ने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने गोसेवा, राष्ट्रसेवा एवं समाजसेवा का संकल्प लिया। अंत में रोटी पानी सेवा ट्रस्ट की ओर से भोजन-प्रसाद की व्यवस्था की गई।

ट्रस्ट के उपाध्यक्ष श्री राजकुमार राव ने सभी अतिथियों, गोसेवकों, दानदाताओं, गुरुकुल के बच्चों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। यह समारोह देशभक्ति, गोसेवा एवं सामाजिक सेवा के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ब्रज कमल साहित्य एवं सामाजिक संस्था की मासिक काव्य गोष्ठी सम्पन्न

**ग्वालियर, जीएनएस।** ब्रज कमल साहित्य एवं सामाजिक संस्था द्वारा 80वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में 16 अगस्त, रविवार को 13 अनुपम नगर एक्सटेंशन पर मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्य, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को समर्पित इस विशेष काव्य आयोजन में ग्वालियर शहर के वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवियों ने देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक चेतना से ओतप्रोत अपनी रचनाओं का पाठ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गज़लों के पुरोधा ग़ज़ल सम्राट वरिष्ठ साहित्यकार आदरणीय रामअवध विश्वकर्मा जी,मुख्य अतिथि के रूप में छंद विशेषज्ञ वरिष्ठ साहित्यकार आ राजकिशोर बाजपेई जी एवं विशिष्ट अतिथि की भूमिका में वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार आ ललित मोहन त्रिवेदी जी रहे। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष श्री अनिल राही द्वारा गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम का आगाज किया। ततपश्चात दीप प्रज्वलन एवं मां वीणापाणि के माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। संस्था अध्यक्ष अनिल राही की ओर से मंचासीन अतिथियों को बैज, अंगवस्त्र, स्मृति-चिह्न, फोटो फ्रेम एवं सम्मान निधि से सम्मानित किया गया। श्री संदीप खैरा जी द्वारा उपस्थित साहित्यकारों का तिलक एवं कुमकुम लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया।कार्यक्रम का सफल संचालन वरिष्ठ कवि जगमोहन श्रीवास्तव जग्गू भइया द्वारा किया गया।



# अविनाश भटनागर सर्वश्रेष्ठ हॉकी प्रशिक्षक के प्रशासनिक अवार्ड से सम्मानित

**ग्वालियर, जीएनएस।** ग्वालियर का दर्पण मिनी हॉकी स्टेडियम जो की खेल एवं युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश शासन का सर्वश्रेष्ठ हॉकी फीडर सेंटर है इस स्टेडियम की नींव रखने वाले माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी जिनके प्रयासों से यह मैदान खेल मैदान के रूप में विकसित हुआ और इसे खेल विभाग को सौंप दिया गया ! गौरतलब है कि दर्पण कॉलोनी के बीचो-बीच स्थित यह खेल मैदान जहां पर पी डब्लू डी सरकारी क्वार्टर बनाने जा रहा था तभी माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के प्रयासों से इस मैदान को बचाया गया और माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के प्रयासों से ही इस मैदान की बाउंड्री वॉल हुई और उसके उपरांत यह



मैदान खेल विभाग को सौंप दिया गया, आदरणीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी की दूर दृष्टि एवं आम जनता के हित में लिया गया यह निर्णय दूरगामी साबित हुआ और इसी का परिणाम है कि इस मैदान से निकले सात हॉकी खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश शासन का सर्वोच्च खेल अवार्ड विक्रम अवार्ड एवं एकलव्य अवार्ड से सम्मानित किया गया नहीं इस मैदान से निकले 50 से अधिक खिलाड़ी भारतीय रेलवे, इनकमटैक्स, ए जी एम पी , इंडियन ऑयल, भारतीय सेना आदि विभागों में खेलकोटे के तहत नौकरी प्राप्त कर प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं ! ऐसे खिलाड़ियों के शुभचिंतक राजनेता के हाथों यह सम्मान मिलना मेरे लिए गौरव की बात है ! ÷

सर्वश्रेष्ठ हॉकी प्रशिक्षक अवार्ड 15 अगस्त के पावन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री नरेंद्र सिंह तोमर (विधानसभा अध्यक्ष मध्य प्रदेश) एवं कलेक्टर महोदया श्रीमती रुचिका चौहान तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह यादव जी के हाथों प्राप्त हुआ, समारोह में सर्वश्रेष्ठ हॉकी प्रशिक्षक का सम्मान मिलना मेरे लिए अत्यंत गौरव एवं मेरा हौसला बढ़ाने वाला है! हॉकी के क्षेत्र में मेरे द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्य को दृष्टिगत रखते हुए एस ए एफ ग्राउंड पर आयोजित भव्य कार्यक्रम भव्य एवं गरिमामय में समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष माननीय श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के हाथों यह सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए अत्यंत गौरव एवं यादगार पल रहा ! मेरे द्वारा प्रशिक्षित सात खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश शासन का सर्वोच्च खेल अवार्ड विक्रम अवार्ड एवं एकलव्य अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है और मध्य प्रदेश शासन द्वारा संचालित संपूर्ण मध्य प्रदेश में 35 हॉकी फीडर सेंटर में मेरा सेंटर दर्पण हॉकी फीडर सेंटर मध्य प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ है!



# ग्वालियर जिले में उत्साह, उमंग, हर्षोल्लास व धूमधाम से मना 80वाँ स्वतंत्रता दिवस

**ग्वालियर, जीएनएस।** समारोह के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर एवं कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जनसंपर्क विभाग के कर्मचारी भूपेंद्र भारद्वाज उल्लेखनीय काम करने वाले जिला प्रशासन की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही विभिन्न विभागों के कर्तव्यनिष्ठ शासकीय सेवकों को भी मुख्य अतिथि द्वारा इस अवसर पर प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# स्वच्छता युक्त नशा मुक्त ग्वालियर बनाने के चलाये रोको-टोको अभियान - शुभम चौधरी

**ग्वालियर, जीएनएस।** शनिवार को 80 वें स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर ग्वालियर लोकसभा, दक्षिण विधानसभा के वार्ड 52 के पिपरी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बतौर मुख्य अतिथि जन सरोकार संघ के अध्यक्ष शुभम चौधरी ने झंडा बंधन किया।

श्री चौधरी ने सभी बच्चों को स्वच्छता युक्त नशा मुक्ति ग्वालियर बनाने के लिए रोको-टोको अभियान में भाग लेने का आग्रह किया। साथ ही ना गंदगी करेंगे, ना



करने देंगे। न नशा करेंगे न करने देंगे की शपथ दिलाई। इस अवसर छात्र छात्राओं ने देशभक्ति और सांस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किये। अव्वल बच्चों को पुरस्कृत करते हुए सभी बच्चों को अध्ययन सहायक स्टेशनरी भी सप्रेम भेंट की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जन सरोकार संघ के अध्यक्ष शुभम चौधरी, विशिष्ट अतिथि गौरव श्रीवास्तव, अध्ययन सामग्री प्रायोजक दिनेश जैन, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष संजय पटेरिया, अतुल शर्मा, लखन धानुक, प्रधानाचार्य मनोज जैन, प्राचार्य बद्री विशाल गुप्ता, गीता केशव तोमर, कल्पना सेन, विनीता कुशवाह, मनीष प्रजापति सहित छात्र-छात्राएं एवं उनके पालकगण उपस्थित रहें।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया

ग्वालियर में जन समस्य निवारण समिति शाखा जिला ग्वालियर मोहन सिंह माहौर राष्टीय अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष विजय स्वामी डां राज अग्रवाल संभागीय प्रभारी संरक्षक गिर्राज किशोर सिंघल के क कार्यालय गरीम अपार्टमेंट सेकंड फ्लोर शिन्दे छावनी पर 80 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया इसमें हमेभी हमारे देश का ध्वजारोहण किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी मानसिंह शाक्य एडवोकेट रामकिशोर माहौर डॉक्टर धर्मेंद्र



माहौर सूरज ठेकेदार अशोक इंदौरिया महेंद्र सिंह गौरगोपाल कुशवाहा कपिल धाकड़ लीलाधर सुशील शाक्य आदि।

# पंजाबी सेवा समिति ने स्वतंत्रता दिवस पर लहराया तिरंगा एवं 21 विभूतियां को किया सम्मानित

**ग्वालियर, जीएनएस।** आदर्श कॉलोनी के श्री हरिहर मंदिर प्रांगण में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह एवं ध्वजारोहण कार्यक्रम बड़े जोश उत्साह और उमंग के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ आयोजन में अतिथिगण, समस्त बिरादरियों से पधारे सभी पदाधिकारी गण, मातृशक्ति, एवं प्रांगण में सकल पंजाबी समाज उपस्थित रहाइस पावन अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को सलामी देकर सभी ने ?उन वीर शहीदों को नमन किया जिनके त्याग और बलिदान से हमें आजादी मिली। आयोजन में तीन मातृशक्ति सहित 21 समाजसेवियों को शॉल श्रीफल देकर समाज में विशेष योगदान के लिए सम्मानित किया

**इन्हे किया सम्मानित**



डॉक्टर नंदलाल बत्रा, बलवंत मदान, किशन लाल नागपाल, नरेश अरोड़ा,सोमनाथ अनेजा, दुष्यंत साहनी, रवि अनेजा, दर्शन लाल नागपाल,सुभाष पसरिचा,? जयेंद्रपाल खुराना, नरेंद्र बेदी,श्रीमती शीला देवी कथुरिया,लक्ष्मी देवी विरमानी, श्रीमती आशा बहन जी, मंजू खुराना,मीडिया प्रभारी राजू पंडित आदि को सम्मानित किया कार्यक्रम में प्रस्तुत देशभक्ति गीत ने पूरे वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। समिति के अध्यक्ष मोहनलाल अरोड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कार्यक्रम का संचालन प्रवीण नागपाल कार्यक्रम संयोजक तिलक राज बेरी, कमल मिगलानी, सोमनाथ पुनियानी, नरेश पुनियानी, राजू बढ़जातिया, लक्ष्मी जुनेजा राधा ठकराल कमलेश बेरी एवं आयोजन में मुख्य रूप से सत्यपाल बत्रा, प्रमोदपाहवा, जगन्नाथ पाहवा, कश्मीरी लाल खुराना,जवाहर सचदेवा,गजेंद्रा अरोरा, सुरेंद्र जुनेजा, दिलीप गूगनानी, संजय सपरा,श्याम सचदेवा, जगदीश गुगनानी, प्रवीण घई, मिरजोश गुलाटी, विश्वास अरोड़ा, कमल पुनयानी, अनिल अरोड़ा,अनिल अनेजा, इंदर कुमार बेरी, अनिल नागपाल, टिंकू कथूरिया, गौरव खुराना, अनिल सुनेजा, मोहन मदान, लक्ष्मी जुनेजा, कमलेश बेरी,राधा ठकराल,?? ललिता बेरी,आदि सैकड़ो की संख्या में भारी संख्या में आयोजन में उपस्थित हुए आप सभी के सहयोग, अनुशासन और समर्पण के कारण ही यह कार्यक्रम गरिमामय, उत्साहपूर्ण एवं यादगार बन सका।

हिन्दी दैनिक
श्रमसाधना
आपकी दुःख की घड़ी में
श्रमसाधना सदैव आपके साथ है
उठावनी/रस्म पगड़ी
का प्रकाशन
निःशुल्क
सम्पर्क करें
ग्वालियर
0751-2625029
9074257600
शिवपुरी
07492-232149
8251071286
E-mail : shramsadhnagwl@gmail.com

# नवोदय विद्यालय पहुंचे डीएम, बच्चों के साथ खाया खाना, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**सिरसागंज, जीएनएस।**

जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने शनिवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल के साथ पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय गुरैया सुहेलपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने हॉस्टल, कक्षाओं, मैस और विद्यालय परिसर की व्यवस्थाएं देखीं। पंडाल के निर्माण में सुरक्षा मानकों की जांच के लिए सेफ्टी ऑडिट कराने की बात कही।



डीएम ने उदयगिरि, शिवालिक, नीलगिरी और अरावली हॉस्टल में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से बातचीत की। पढ़ाई की गुणवत्ता और अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने विद्यालय में किसी तरह की परेशानी नहीं होने की बात कही। डीएम ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी हिस्सा लें। बच्चों को स्वतंत्रता के मूल्यों और देश के प्रति जिम्मेदारियों की जानकारी दी। कक्षा 12 की छात्रा माही बघेल को जन्मदिन की बधाई भी दी। खराब हैंडपंप ठीक कराने के निर्देश निरीक्षण के दौरान खराब हैंडपंपों की जानकारी मिलने पर डीएम ने जल निगम के अधिकारियों को इन्हें जल्द ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत बच्चों को दवा खिलाए जाने की जानकारी ली। छूटे हुए बच्चों को दवा खिलाने के निर्देश दिए।

**मैस में बच्चों के साथ किया भोजन :** डीएम ने विद्यालय परिसर में पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद मैस में पहुंचकर बच्चों के साथ भोजन किया और खाने की गुणवत्ता परखी। उन्होंने विद्यालय परिसर में फलदार पौधे लगाने के निर्देश वन विभाग और उद्यान विभाग को दिए।

# अटल जी की 8वीं पुण्यतिथि पर किया नमन

**फिरोजाबाद, जीएनएस।**

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने अटल पार्क में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सदर विधायक मनीष असीजा और महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर सहित पार्टी पदाधिकारियों ने अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।



वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण का प्रतीक रहा। उनके ओजस्वी विचारों और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि अटल जी का 'राष्ट्रहित सर्वोपरि' का मंत्र और अंत्योदय की भावना आज भी भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देती है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर जनसेवा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। इस दौरान महानगर महामंत्री देवेश भारद्वाज, प्रमोद पाल बघेल, उपाध्यक्ष रामनरेश कटरा, योगेंद्र यादव बाबा, कोषाध्यक्ष दीपक गुप्ता कालू, मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता आदि। विनोद पचौरी, सत्यवीर गुप्ता, सौरभ शिवहरे, मनीष राठौर, देश दीपक राजा, लायक सिंह, अशोक राठौड़, हिमांशु शर्मा, मनोज दिवाकर, ललित समेत अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## कार्यालय कलेक्टर जिला शिवपुरी एवं पदेन उप सचिव, म.प्र. शासन राजस्व विभाग भू-अर्जन अधिनियम की धारा 11 (1) के अन्तर्गत

-0प्रारंभिक अधिसूचना0-

प्र.क्र.0009/8182/2026 शिवपुरी, दिनांक 12/08/2026

जबकि समूचित सरकार को ऐसे प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने नं. 1 से 6 में सार्वजनिक प्रयोजन के लिए ग्राम मचाखुर्द तहसील पोहरी जिला शिवपुरी (म.प्र.) में कुल 1.650 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

अनुसूची

| भूमि का विवरण | | | | | | धारा 1212 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | पटवारी हल्का नाम | नगर/ग्राम | सर्वेक्षण संख्या | निजी रकवा (हेक्टेयर में) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| शिवपुरी | पोहरी | उपसिल | मचाखुर्द | 5/1 | 0.200 | कार्यपालनयंत्री, जल संसाधन संभाग शिवपुरी (म.प्र.) | सरकुला मध्यम सिंचाई परियोजना के तहत डेम निर्माण में आने वाली डूब क्षेत्र बावत्। |
| | | | | 5/4/1 | 0.110 | | |
| | | | | 13/1/1 | 0.170 | | |
| | | | | 13/1/2 | 0.380 | | |
| | | | | 13/1/3 | 0.270 | | |
| | | | | 17/7/1 | 0.500 | | |
| | | | | 21 | 0.020 | | |
| | | | | योग | 1.650 | | |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) और धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन जारी की गई है।

भूमि से संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पोहरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

सरकार इसके द्वारा अनुसूची के खाने नं. 7 में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में अधिनियम की धारा 11(1) एवं 12 में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सुजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हों फाइल किए जा सकेंगे।

स्थान : शिवपुरी
तारीख : 12/08/2026

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

(अर्पित वर्मा)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव राजस्व विभाग
जिला शिवपुरी (म.प्र.)

G-17226/26


## गरीब महिलाओं को हर माह 2500 रुपए आर्थिक सहायता देने की मांग :

**लखनऊ जीएनएस.** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रवादी सामाजिक चिंतक एवं वरिष्ठ समाजसेवी मुसरफ खान ने उत्तर प्रदेश की गरीब, मजदूर, दलित और वंचित महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से महत्वपूर्ण अपील की है। उन्होंने मांग की है कि प्रदेश की पात्र गरीब महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का जीवन स्तर सुधार सकें।


## कार्यालय कलेक्टर जिला शिवपुरी एवं पदेन उप सचिव, म.प्र. शासन राजस्व विभाग भू-अर्जन अधिनियम की धारा 11 (1) के अन्तर्गत

-0प्रारंभिक अधिसूचना0-

प्र.क्र.005/81-82/25-26/ 1232 शिवपुरी, दिनांक 10/08/2026

जबकि समूचित सरकार को ऐसे प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने नं. 1 से 6 में सार्वजनिक प्रयोजन के लिए ग्राम बिजरौनी तहसील बदरवास जिला शिवपुरी (म.प्र.) में कुल 12.0134 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

अनुसूची

| भूमि का विवरण | | | | | | धारा 112 के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला | तहसील | नगर/ग्राम | पटवारी हल्का नाम | सर्वे नम्बर | रकवा (हेक्टेयर) | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| शिवपुरी | बदरवास | ग्राम बिजरौनी | ग्राम बिजरौनी | 2517/2 | 0.1672 | कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग शिवपुरी | बिजरौनी बरोदिया लघु सिंचाई परियोजना के अंतर्गत बांध एवं नहर निर्माण कार्य बावत् |
| | | | | 2521 | 0.0180 | | |
| | | | | 2522 | 0.3400 | | |
| | | | | 2523/1 | 0.0840 | | |
| | | | | 2523/2 | 0.0530 | | |
| | | | | 2526/1 | 0.1400 | | |
| | | | | 2527 | 0.0870 | | |
| | | | | 2528 | 0.0980 | | |
| | | | | 2533/2 | 0.2750 | | |
| | | | | 2534/1 | 0.0060 | | |
| | | | | 2534/2 | 0.0520 | | |
| | | | | 2535/1 | 0.0290 | | |
| | | | | 2535/2 | 0.0290 | | |
| | | | | 2536 | 0.0840 | | |
| | | | | 2537 | 0.0810 | | |
| | | | | 2545/1 | 0.1620 | | |
| | | | | 2545/3 | 0.1620 | | |
| | | | | 2545/4 | 0.2270 | | |
| | | | | 2545/5/2 | 0.2612 | | |
| | | | | 2545/6 | 0.1495 | | |
| | | | | 2546 | 0.1530 | | |
| | | | | 2547 | 0.0250 | | |
| | | | | 2728 | 0.0250 | | |
| | | | | 2733/3/8 | 0.0380 | | |
| | | | | 2733/3/9 | 0.1350 | | |
| | | | | 2740 | 0.2580 | | |
| | | | | 2751/1 | 0.0950 | | |
| | | | | 2751/2 | 0.0950 | | |
| | | | | 2755 | 0.1970 | | |
| | | | | 2756/1 | 0.0280 | | |
| | | | | 2757 | 0.1150 | | |
| | | | | 2758 | 0.1370 | | |
| | | | | 2765/1 | 0.0890 | | |
| | | | | 2765/2/1 | 0.1150 | | |
| | | | | 2765/2/2 | 0.1150 | | |
| | | | | 2766 | 0.1980 | | |
| | | | | 2777/1 | 0.3650 | | |
| | | | | 2777/2/1 | 0.3484 | | |
| | | | | 2777/2/2 | 0.0580 | | |
| | | | | 2779 | 0.2210 | | |
| | | | | 2798 | 0.1150 | | |
| | | | | 2799 | 0.0160 | | |
| | | | | 2801/1 | 0.0496 | | |
| | | | | 2804/4 | 0.0950 | | |
| | | | | 2801/7 | 0.1080 | | |
| | | | | 2801/8/1 | 0.1280 | | |
| | | | | 2801/8/2/1 | 0.0310 | | |
| | | | | 2801/8/2/2 | 0.0795 | | |
| | | | | 2802 | 0.0130 | | |
| | | | | 2805/1 | 0.2440 | | |
| | | | | 2805/2 | 0.2240 | | |
| | | | | 2818/1 | 0.1450 | | |
| | | | | 2818/2 | 0.0340 | | |
| | | | | 2821 | 0.1450 | | |
| | | | | 2822 | 0.1950 | | |
| | | | | 2833/1 | 0.0810 | | |
| | | | | 2833/2 | 0.1610 | | |
| | | | | 2833/3 | 0.0270 | | |
| | | | | 2834/1 | 0.0770 | | |
| | | | | 2834/2/1 | 0.0870 | | |
| | | | | **बांध निर्माण** | | | |
| | | | | 2735/1 | 2.0900 | | |
| | | | | 2738/1/1 | 1.1200 | | |
| | | | | 2738/1/2 | 0.3430 | | |
| | | | | 2738/1/3 | 09200 | | |
| | | | | 2738/2/1 | 0.1700 | | |
| | | किता | 65 | योग | **12.0134** | | |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिए भूमि अर्जन, पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (2013 का 30) और धारा 11 (1) के उपबंधों के अधीन जारी की गई है।

भूमि से संबंधित रेखांकन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोलारस के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

सरकार इसके द्वारा अनुसूची के खाने नं. 7 में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में अधिनियम की धारा 11(1) एवं 12 में दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई भी व्यक्ति प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई संव्यवहार नहीं करेगा या कोई संव्यवहार नहीं कराएगा अथवा ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इस अध्याय के अधीन कार्यवाहियों के पूरा हो जाने के समय उस भूमि पर कोई विल्लंगम सुजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (साठ) दिनों के भीतर किसी भी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष आक्षेप, यदि कोई हों फाइल किए जा सकेंगे।

स्थान : शिवपुरी
तारीख : 10/08/2026

म.प्र. के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग कोलारस
जिला शिवपुरी (म.प्र.)

(अर्पित वर्मा)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव राजस्व विभाग
जिला शिवपुरी (म.प्र.)

G-17222/26

### बीमार अवस्था में लाई गई गौमाता की मौत के बाद नियमानुसार पोस्टमार्टम; प्रबंधन ने कहा- निष्पक्ष जांच में पूरा सहयोग करेंगे

# आदर्श गौशाला के विरोध के पीछे प्रसिद्धि पाने का लक्ष्य : प्रबंधन

**ग्वालियर जीएनएस**

लालटिपारा, मुरार स्थित आदर्श गौशाला में करीब 10 हजार निराश्रित गौवंश की सेवा, उपचार और संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। गौशाला प्रबंधन के अनुसार प्रतिदिन बड़ी संख्या में गौवंश की देखभाल, आहार, उपचार और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं।

**बीमार अवस्था में लाई गई थी गौमाता :** प्रबंधन के अनुसार विगत दिनों एक गौमाता को बीमार अवस्था में गौशाला लाया गया था। उसे आवश्यक उपचार और चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के कारणों की तथ्यात्मक पुष्टि के लिए नियमानुसार पोस्टमार्टम कराया गया है।

**धरने से सेवा व्यवस्था प्रभावित होने का दावा :** गौशाला प्रबंधन का आरोप है कि संबंधित हिमांचली मिश्रा और उनके सहयोगियों द्वारा गौशाला परिसर में धरना दिया गया। प्रबंधन के अनुसार पिछले दो दिनों से चले धरने के कारण गौशाला की नियमित सेवा व्यवस्था प्रभावित हुई और निराश्रित गौवंश की दैनिक सेवा, उपचार एवं अन्य व्यवस्थाओं में व्यवधान आया।

**निष्पक्ष जांच में सहयोग के लिए तैयार :** गौशाला के प्रभारी नारायण प्रसाद शर्मा एवं प्रबंधन ने कहा कि किसी भी गौवंश की मृत्यु संवेदनशील विषय है। ऐसे मामलों में चिकित्सकीय अभिलेख, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और उपलब्ध तथ्यों के आधार पर ही निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए। बिना तथ्यात्मक जांच के किसी प्रकार की धारणा बनाना उचित नहीं है। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि मामले की निष्पक्ष जांच में वह हरसंभव सहयोग के लिए तैयार है।



# पेड़-पौधे धरती मां का श्रृंगार, पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : पाठक



**ग्वालियर जीएनएस**

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड मुरार से संबद्ध नवांकुर संस्था 'सर्वे भवन्तु सुखिन समिति' की ओर से उटीला सेक्टर की ग्राम पंचायत बंधौली में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं तिरंगा यात्रा आयोजित की गई। कार्यक्रम संभाग समन्वयक सुशील बरुआ, जिला समन्वयक धर्मेंद्र दीक्षित और ब्लॉक समन्वयक प्रीति बाजपेई के मार्गदर्शन में हुआ।

**मातृशक्ति को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश :** कार्यक्रम की शुरुआत पर्यावरण संरक्षण को लेकर महिलाओं के साथ गोष्ठी से हुई। इसमें मातृशक्ति से अपील की गई कि प्रत्येक परिवार अपने घर, आंगन और मंदिर परिसर में कम से कम एक पौधा लगाए और वर्षभर उसकी देखभाल की जिम्मेदारी ले। इस दौरान करीब 100 महिलाओं को पौधे वितरित किए गए।

**तिरंगा लहराते हुए निकली हरियाली यात्रा :** पौधे लेकर महिलाओं ने प्राचीन शिव मंदिर तक नवांकुर सखी हरियाली यात्रा एवं तिरंगा यात्रा निकाली। पहाड़ी पर स्थित मंदिर तक यात्रा के दौरान महिलाएं तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय के नारे लगाती हुई आगे बढ़ीं। मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया और परिसर में पौधरोपण किया गया।

**पेड़-पौधे ही धरती मां का श्रृंगार :** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सुधाकर पाठक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण बेहद जरूरी है। पेड़-पौधे ही धरती मां का श्रृंगार हैं। जब पर्यावरण सुरक्षित और संतुलित रहेगा, तभी समाज का जीवन खुशहाल होगा और देश समृद्ध बनेगा। उन्होंने ग्रामीणों और मातृशक्ति से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया।

**100 महिलाओं और 50 युवाओं ने लिया हिस्सा :** कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रामसेवक पाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेणु राणा और जनपद सदस्य श्रीमती यादव मौजूद रहीं। संचालन राजकुमार प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि और नवांकुर सखी के रूप में मातृशक्ति शामिल हुई।

### शास्त्री नगर पार्क में अध्यक्ष विजय शंकर यादव ने किया ध्वजारोहण

# बिल्डर्स एंड कंट्रैक्टर्स एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**वाराणसी जीएनएस**

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर वाराणसी बिल्डर्स एंड कंट्रैक्टर्स एसोसिएशन की ओर से सिगरा स्थित शास्त्री नगर पार्क में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष विजय शंकर यादव ने आईपी मॉल के सामने स्थित पार्क में राष्ट्रध्वज फहराया। इस दौरान बड़ी संख्या में एसोसिएशन के सदस्य और जिले के ठेकेदार मौजूद रहे।



**संगठन की एकजुटता बनाए रखने का संदेश :** ध्वजारोहण के बाद अध्यक्ष विजय शंकर यादव ने एसोसिएशन के उद्देश्यों और भूमिका की जानकारी दी। उन्होंने सदस्यों से संगठन के प्रति समर्पित और एकजुट रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती सदस्यों की एकजुटता और आपसी सहयोग से ही संभव है।

**ठेकेदारों के हित में योजनाओं पर काम जारी :** एसोसिएशन के महामंत्री संतोष राय ने बताया कि ठेकेदारों के हित में कई योजनाएं विचाराधीन हैं। एसोसिएशन की ओर से सदस्यों से लगातार संपर्क किया जा रहा है और कार्यस्थल पर आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

**बड़ी संख्या में ठेकेदार रहे मौजूद :** कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष जीडी गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्मराज यादव, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, मनोज कुमार भारती, अभय कुमार उपाध्याय, बृजेश कुमार चौहान, शिवम निर्मल, प्रमोद मौर्य, राम लवलीन सिंह, सुजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में ठेकेदार और एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन एसोसिएशन के प्रवक्ता भुनेश्वर द्विवेदी ने किया।

# सुहागानों ने श्रद्धा और उत्साह से किया हरियाली तीज संपन्न

**ग्वालियर, जीएनएस।**

रविवार को गायत्री प्रज्ञा पीठ कंपू पर मनाया गया हरियाली तीज। ? गायत्री प्रज्ञा पीठ कंपू पर हरियाली तीज कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के दौरान महाकाल का श्रृंगार एवं 56 भोग लगाया गया बहनों द्वारा सावन के गीतों पर नृत्य किया गया कार्यक्रम में गायत्री प्रज्ञा पीठ द्वारा सभीसुहागानों को सुहाग शृंगार का सामान चूड़ी मेहंदी बिंदी वितरित की गई कार्यक्रम का पूजन आचार्य



रविंद्र द्वारा कराया गया पूजन श्री सरनाम सिंह श्रीमती वीणा सिकरवार द्वारा किया गया महिला संगीत श्रीमती अलका राजावत श्रीमती सुमन परिहार श्रीमती कल्पना गुप्ता श्रीमती खुशबू गुप्ता डॉक्टर आरती सिंह द्वारा किया गया कार्यक्रम में सहयोग श्री संतोष सिंह श्री यशवंत सिंह डॉक्टर विक्रम सिंह श्री पंकज शर्मा श्री राकेश कुशवाह श्री नथाराम कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमती दयावती देवी श्रीमती क्रांति बेनीवाल श्रीमती कमला भदोरिया श्रीमती कमला गुप्ता श्रीमती गायत्री उपाध्याय श्रीमती शीला श्रीमती पुष्पा कुशवाहा उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन श्री श्याम सुंदर खत्री एवं श्री देवेंद्र शर्मा कार्यक्रम के अंत में भोले बाबा को प्रिय बेलपत्र के 100 पौधे वितरण कर प्रसाद दिया गया आभार प्रदर्शन मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्री शिव बीर सिंह चौहान द्वारा किया गया।

### होटल शगुन पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा, सनातनी एकता का दिया संदेश

# श्रीराम हिंदू सेना ने मनाया तीसरा स्थापना दिवस

**ग्वालियर जीएनएस**

भगवा सेवा दल जनकल्याण संघ के अभिन्न अंग श्रीराम हिंदू सेना का तीसरा स्थापना दिवस होटल शगुन पैलेस, हुजरात पुल, लश्कर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

**कई अतिथि रहे मौजूद :** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्य साइबर क्राइम के डीएसपी संजीव नयन शर्मा, सीआईडी ग्वालियर के राजेश गुर्जर, जयारोग्य अस्पताल ब्लड बैंक के एचओडी डॉ. गजेंद्र पाल और जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. धुआंराम गुर्जर रहे। पूर्व सभापति गंगाराम बघेले और पूर्व पार्षद गुड्डू भी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में परमार्थ आश्रम के संत समर्थ तीर्थ दास महाराज और चिपटिया हनुमान मंदिर के महंत माखनदास महाराज का सानिध्य रहा।




**पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लिया हिस्सा :** कार्यक्रम में श्रीराम हिंदू सेना के राष्ट्रीय संरक्षक बीके शिंदे, राष्ट्रीय महामंत्री धर्मेंद्र शिंदे, राष्ट्रीय मंत्री दीपक शुक्ला, राष्ट्रीय संयोजक विजय हलचल, प्रदेश संगठन मंत्री बंटी गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष विनय शर्मा, प्रदेश महामंत्री मुक्तेश जैन, प्रदेश मंत्री नवीन साहनी एवं संजय शर्मा सहित संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष प्रमोद यादव, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नितिन कन्नौजिया, संभागीय उपाध्यक्ष अनिल पिसाल, मुकेश पाल और कार्यवाहक अध्यक्ष मंगल दास चौबे सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी सहभागिता की।

**महिला मोर्चा की भी रही सहभागिता :** महिला मोर्चा से गुड्डन बाथम, रानी गौड़, विमला मौसी, सुनीता कुशवाह, भागवती कुशवाह, रमा चौबे, अनीता वर्मा और विमला कुशवाह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहीं। स्थापना दिवस कार्यक्रम में सैकड़ों पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। आयोजकों ने कार्यक्रम को सनातनी एकता और संगठनात्मक सहभागिता का परिचायक बताया।

### बेलगढ़ा पुलिया पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा वाहन, छह लाख रुपए का गांजा और बोलेरो जब्त

# बेलगढ़ा में 57.600 किलो गांजा पकड़ा, बोलेरो सवार दो तस्कर गिरफ्तार

**ग्वालियर जीएनएस**

अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेलगढ़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोलेरो सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 57 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब छह लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने गांजा परिवहन में इस्तेमाल की जा रही बोलेरो भी जब्त की है।

पुलिस के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जयराज कुबेर ने सभी थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में संदिग्ध वाहनों की जांच के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में एसडीओपी भितरवार गगन हनवत के मार्गदर्शन में बेलगढ़ा थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र कुमार प्रजापति ने पुलिस टीम को बेलगढ़ा पुलिया के पास वाहन चेकिंग के लिए तैनात किया था।



चेकिंग के दौरान सफेद रंग की बोलेरो पुलिस को देखकर चालक ने वाहन पीछे करने का प्रयास किया। पुलिस जवानों ने संदेह होने पर घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया। वाहन में दो युवक सवार मिले। पूछताछ में चालक ने अपना नाम जितेंद्र रावत (33) निवासी देवरी कला और उसके बगल में बैठे युवक ने सोनू (22) निवासी देवरी कला बताया। पुलिस ने बोलेरो की तलाशी ली तो पीछे की डिग्गी में दो सफेद और हरे रंग के कट्टे मिले। कट्टों को खोलकर जांच करने पर उनमें गांजा भरा मिला। तौल कराने पर कुल 57 किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

पुलिस ने गांजा और बोलेरो क्रमांक यूपी84-जे-6973 जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज किया है। आरोपियों से गांजे की सप्लाई और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**सराहनीय भूमिका :** कार्रवाई में थाना प्रभारी महेंद्र कुमार प्रजापति, प्रधान आरक्षक रमेश सिंह, आरक्षक हरगोविंद, संदीप गुर्जर, धीरज राठौर और गौरव जाट की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### राष्ट्रध्वज वंदन और देशभक्ति प्रस्तुतियों के साथ हुआ आयोजन

# लायंस क्लब क्वीन इंटरनेशनल ने लायंस पार्क में मनाया स्वतंत्रता दिवस समारोह

**ग्वालियर जीएनएस**

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर लायंस क्लब क्वीन इंटरनेशनल द्वारा लायंस पार्क में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन एसवीडीजी सी.एस. तोमर रहे। इस अवसर पर लायन अजय सप्रा (एरिया लीडर), लायन नरेंद्र अग्रवाल (प्रेसिडेंट, लायंस क्लब ग्वालियर), मेंटोर लायन राका पाठक, लायन नीरज जैन (आर.सी.) एवं लायन रश्मि अग्रवाल (जेड.सी.) विशेष रूप से उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रध्वज वंदन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। इसके बाद देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता दिवस का उत्सव मनाया गया। उपस्थित सदस्यों ने देश की एकता, अखंडता और सेवा भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

लायंस क्लब क्वीन इंटरनेशनल की प्रेसिडेंट लायन नीतू अग्रवाल, सेक्रेटरी लायन लता उपाध्याय, कोषाध्यक्ष लायन स्वाति अग्रवाल, जॉइंट सेक्रेटरी लायन ज्योति बंसल सहित लायन बबीता अग्रवाल, लायन ज्योति गोयल, लायन पूनम अग्रवाल, लायन निर्मला अग्रवाल, लायन रेखा तोमर एवं अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

इस अवसर पर लायंस क्लब ग्वालियर क्वीन की ओर से सेवा कार्य के तहत कामवाली बाई मालती एवं उनके परिवार को वस्त्र वितरित किए गए। इस मानवीय पहल की उपस्थित लोगों ने सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और राष्ट्र सेवा के संकल्प के साथ आयोजन का समापन किया।

# गायत्री जागृति केंद्र पर कावड़ जल से हुआ भगवान शिव का अभिषेक



**ग्वालियर जीएनएस**

गायत्री जागृति केंद्र, सुभाष नगर हजीरा में सोमवार को श्रावण मास के अवसर पर भगवान शिव का कावड़ जल से अभिषेक किया गया। युवा शिवभक्त गौरव राठौर, सत्येंद्र बघेल एवं सुनील अमन द्वारा लाई गई तीन कावड़ों के पवित्र जल से शिव अभिषेक किया गया। अभिषेक की विधि भक्त दर्शन बरोलिया ने संपन्न कराई। इस अवसर पर अनूप सिंह तोमर, जय नारायण, सत्येंद्र सेंगर, मुनेन्द्र तोमर, डॉ. नरेंद्र, पूनम तोमर, अंगूरी राठौर सहित करीब 150 परिजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन-अर्चन कर परिवार की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की। कार्यक्रम में गायत्री शक्तिपीठ ग्वालियर से डॉ. प्रदीप गुप्ता सहित अन्य श्रद्धालु भी मौजूद रहे। श्रावण मास के पावन अवसर पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में शिवभक्तों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया।



पारंपरिक परिधानों में महिलाओं ने सावन गीतों पर किया नृत्य, संस्कृति और सामाजिक सौहार्द का दिया संदेश

# दुर्वांकुर लोक कल्याण समिति ने मनाया हरियाली तीज उत्सव

**ग्वालियर जीएनएस**

दुर्वांकुर लोक कल्याण समिति की ओर से सावन उत्सव के पावन अवसर पर हरियाली तीज कार्यक्रम का उल्लासपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में उत्साह के साथ सहभागिता की। सावन के गीतों पर महिलाओं ने सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव का आनंद लिया।

समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं और लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखने के साथ आपसी भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने नृत्य, संगीत और अन्य पारंपरिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इस अवसर पर दुर्वांकुर लोक कल्याण समिति की अध्यक्ष स्मिता नवीन पवार, उपाध्यक्ष सीमा भदौरिया, सचिव शोभा पाठक, सहसचिव आरती दांतरे, मंत्री शोभा त्रिपाठी, सहमंत्री सुनीता खानविलकर एवं मोनिका राणा सहित वरिष्ठ समाजसेविका सीमा समाधियां और कृष्ण भदौरिया उपस्थित रहे। समिति के इस आयोजन में सावन की लोक संस्कृति और परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली। उपस्थित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर कार्यक्रम को यादगार बनाया।

### भारतीय शिक्षण मंडल ने विद्या भवन स्कूल में आयोजित किया गुरु-शिष्य परंपरा पर कार्यक्रम, विद्यार्थियों को बताए प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा के प्रसंग

# गुरु-शिष्य परंपरा भारतीयता का आधार है : उदयभान रजक

**ग्वालियर जीएनएस**

गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भारतीय शिक्षण मंडल की ओर से विद्या भवन स्कूल, गोल पहाड़िया में गुरु-शिष्य परंपरा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रसिद्ध गीतकार, साहित्यकार एवं समाजसेवी उदयभान रजक रहे, जबकि मुख्य अतिथि भारतीय शिक्षण मंडल से प्रेम सिंह उपस्थित रहे। विद्यालय की प्राचार्य शशि नरवरिया के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने अतिथियों का तिलक लगाकर, पुष्पहार, शॉल और श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। मुख्य वक्ता उदयभान रजक ने गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के महान ऋषि भगवान वेदव्यास के जन्मोत्सव के अवसर पर गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। गुरु अपने शिष्य को सांसारिक बुराइयों से मुक्त कर पूर्णता की ओर ले जाता है और उसे सामान्य से विशेष बनाकर सफल मनुष्य बनने की राह दिखाता है।



उन्होंने प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा के कई उदाहरण विद्यार्थियों के सामने रखे। उन्होंने कहा कि भारतीयता ज्ञान का भंडार है। हमारे महान गुरुओं और महापुरुषों ने अपने आचरण एवं आदर्शों से मनुष्य को श्रेष्ठ जीवन जीने का मार्ग दिखाया। गुरु के बिना जीवन अधूरा है, इसलिए जीवन को सफल बनाने वाले गुरुजनों का सदैव सम्मान करना चाहिए। यही गुरु-शिष्य परंपरा भारतीयता का आधार है।

मुख्य अतिथि प्रेम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्राचीन समय में हमारी गुरुकुल परंपरा थी, जिसमें विद्यार्थी कठिन परिश्रम कर शिक्षा प्राप्त करते थे। आज विद्यार्थियों को सुविधाओं से युक्त वातावरण में शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है, यह सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि भारत सदैव ज्ञान और समृद्धि से परिपूर्ण रहा है, लेकिन विदेशी लोगों ने भारतीय उपलब्धियों का श्रेय अपने नाम कर लिया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्राचार्य शशि नरवरिया ने आभार व्यक्त किया। संचालन विद्यालय की शिक्षिका ने किया। इस अवसर पर अंजू तिवारी, रूबी शर्मा, आयुषी गुप्ता, मनीष सिंह, मयूरी साहू, आरती मौर्य और उर्मिला जाटव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों विद्यार्थी मौजूद रहे।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक रामकिशन तायल 'फौजी' ने श्रमसाधना प्रिन्टर्स, भगवती निवास पारखजी का बाड़ा दौलतगंज, ग्वालियर से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : महेश तायल समाचार चयन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत अधिकृत
e.mail- Shramsadhnagwl@gmail.com ph. 0751-2625029, 98270 17078, 9425007142 समाचार पत्र में प्रकाशित सभी आलेखों में लेखकों के अपने विचार हैं। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ग्वालियर होगा।